हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, रविवार, 27 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 43 .6 डिग्री
न्यूनतम 17 .0 डिग्री

12 सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डाली तो होगी कार्रवाई



12 प्राण प्रतिष्ठा के बाद मूर्ति हो जाती है देव तुल्य : ज्ञानानंद



## खबर संक्षेप

### केयू ने घोषित किए 13 परीक्षाओं के परिणाम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के निदेशानुसार विश्वविद्यालय की परीक्षा शाखा ने 13 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि दिसम्बर 2024 में आयोजित एमएससी भौतिक के पहले सेमेस्टर सीबीसीएस व तृतीय सेमेस्टर, एमएससी सांख्यिकी के पहले व तीसरे सेमेस्टर, एमपीएड के प्रथम, एमटेक इलेक्ट्रिकल पावर सिस्टम तृतीय सेमेस्टर फ्रेश, एमटेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग तृतीय सेमेस्टर (फ्रेश), बीएससी फैशन और टेक्सटाइल डिजाइन तृतीय सेमेस्टर, एमकॉम पार्ट-1, एमए संस्कृत प्रथम सेमेस्टर (फ्रेश), रि-अपीयर व रि-अपीयर सीबीसीएस तथा मई 2023 में आयोजित एमटेक चतुर्थ सेमेस्टर मैकेनिकल इंजीनियरिंग (आईपीई) का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है।

### दुर्घटना के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी निकेत निवासी विवेक विहार को गिरफ्तार किया है। लिहारसा के रहने वाले योगेश कुमार ने 25 अप्रैल 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि घनौर रोड शर्मा क्लीनिक के पास आरोपी गाड़ी चालक ने लापरवाही व तेज गति से गाड़ी चलाते हुए उसकी माता को टक्कर मार दी थी। हादसे में उसकी माता की मौत हो गई थी। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला सदर में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी निर्मल सिंह को गिरफ्तार किया है। उसे अब दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। शंभू कलां के रहने वाले दीपक ने 28 फरवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 8 जनवरी 2024 को आरोपी निर्मल सिहँ ने विदेश भेजने के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी करने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### सड़क हादसे में मां की मौत और बेटा घायल

**पानीपत।** पानीपत जिला की रिफाइनरी रोड पर हुए एक हादसे में मिहला की मौत और उसके बेटे के घायल होने का समाचार है। एक बाइक ने दूसरी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार महिला मीना देवी की मौत हो गई। जबकि इसका पुत्र विक्रम निवासी असंध जिला करनाल घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल करवाया है। इधर, मीना के भाई मेहताब सिंह निवासी गांव काबडी जिला पानीपत की शिकायत पर थाना सदर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

## मंत्री अनिल विज ने शहीदी स्मारक में चल रहे निर्माण कार्य का किया अवलोकन

# शहीदी स्मारक के म्यूजियम में लगाई गई 40 लोगों की सीट वाली लिफ्ट

### एक से दूसरे फ्लोर तक आसानी से आ जा सकेंगे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** शहीदी स्मारक में चल रहे कार्य का निरीक्षण करते मंत्री अनिल विज।

- देश में किसी स्मारक पर यह पहली लिफ्ट

शहीदी स्मारक के म्यूजियम में 40 लोगों की सीट वाली हाईड्रोलिक वर्टिकल लिफ्ट लग चुकी है। यह निचले से ऊपरी फ्लोर तक जाएगी। यह देश में किसी स्मारक पर पहली लिफ्ट होगी।

शनिवार को परिवहन मंत्री अनिल विज ने जीटी रोड पर सन 1857 में देश के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में शहीदों की याद में बनाए जा रहे अंतर्राष्ट्रीय स्तर के शहीदी स्मारक का निरीक्षण भी किया। उन्होंने शहीदी स्मारक का अवलोकन करते हुए म्यूजियम में बनाई जा रही विभिन्न आर्ट एवं डिजिटल गैलियों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों व एजेंसी प्रतिनिधियों को कहा कि यहां पर इस कार्य को तेजी से करवाएं। पत्रकारों से बातचीत करते हुए विज ने कहा कि शहीदी स्मारक में तेजी से कार्य किया जा रहा है। 150 के करीब यहां पर आर्टिस्ट, कर्मचारी, अधिकारी यहां पर लगे हुए हैं। ओपन एयर थियेटर में जो 40 सीट वाली हाईड्रोलिक वर्टिकल लिफ्ट लगाई गई है उसका भी मुआयना किया गया है। इसमें एक फ्लोर से दूसरे फ्लोर तक आसानी से पहुंच सकेंगे। यहां रैंप, सीढियां और हर स्थान पर लिफ्ट का प्रावधान किया है। यहां पर कमल के फूल पर जाने के लिए हाई स्पीड दो लिफ्ट लगाई गई हैं जो 12वीं मंजिल तक जाती हैं। इस मंजिल पर स्काई कैफे बनाने पर कार्य कर रहे हैं। हमें जो पढ़ाया गया है वह गलत था। आजादी की पहली लड़ाई 1857 में लड़ी गई जिसके बारे में आम लोगों को पता नहीं है। तो हम उनको यह दिखाना चाहते हैं कि आजाद होने का जज्बा था वो कांग्रेस के जन्म से बहुत पहले शुरू हो गया था। इतने लोगों ने कुर्बानियां दी और शहीद हुए। झांसी की रानी लड़ी, तांत्या टोपे लड़े, इन्फैंटरी जगह-जगह लड़ी, पेडों से बांध-बांधकर अंग्रेजों ने लोगों को गोलियां मारी और बहुत सारी यूनिटें बाद में डिस्बैंड कर दी गई। सारी चीजें छुपी हुई है जो हम इसे यहां पर दिखाने का काम करेंगे। विज ने स्मारक में निरीक्षण के उपरांत विभागीय अधिकारियों व निर्माण एजेंसी स्टाफ से बैठक की। उन्होंने स्मारक दिखाने के लिए गाइडस के टेंडर करने, लैंड स्केपिंग में सुधार करने, पार्किंग टेंडर करने, सेना से सन 1857 समय के यदि कोई हथियार हैं तो उन्हें यहां प्रदर्शित करने हेतु लेने एवं अन्य दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्मारक को वाई-फाई युक्त करने, कैफेटेरिया में चढने के लिए रैंप या लिफ्ट का प्रबंध करने। मेंटेंनेस के लिए टेंडर करने के साथ-साथ अन्य दिशा निर्देश दिए। मौके पर लोक निर्माण विभाग के अधीक्षक अभियंता हरपाल सिंह, कार्यकारी अभियंता रितेश अग्रवाल, कार्यकारी अभियंता नवीन राठी, नपा सदस्य संजीव अत्री, रमन छतवाल व भाजपा नेता बलित नागपाल भी मौजूद रहे।

#### सेल्फी प्वाइंट बनाए

कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने शहीदी स्मारक में कई स्थानों पर सेल्फी प्वाइंट बनाए गए हैं। हम यह भी प्लान कर रहे हैं कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर के इस शहीदी स्मारक का उद्घाटन होते ही प्रदेश के स्कूल हैं उनमें छठी से 12वीं तक पढने वाले विद्यार्थियों को रोस्टर अनुसार इस स्मारक को दिखाने का काम किया जाएगा ताकि उन्हें भी 1857 की आजादी की पहली लड़ाई का इतिहास पता चल सके।

## गीता के उपदेशों में शांति का मार्ग निहित : मैथ्यू



**कुरुक्षेत्र।** मैथ्यू हितकारी को पवित्र ग्रंथ गीता भेंट करते स्वामी ज्ञानानंद।

- ऑस्ट्रेलिया के सांसद मैथ्यू हितकारी ने किया गीता स्थली ज्योतिसर और गीता ज्ञान संस्थानम का अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया संसदीय क्षेत्र के सांसद मैथ्यू हितकारी ने कहा कि पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेशों में विश्व कल्याण और शांति का मार्ग निहित है। इन उपदेशों को आज हर मानव को अपने जीवन में धारण करने की जरूरत है।

जो व्यक्ति पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेशों को अपने जीवन में अपनाएगा वह मानव निश्चित ही विश्व कल्याण में अपनी अहम भूमिका अदा करेगा। सांसद मैथ्यू हितकारी शनिवार को गीता ज्ञान संस्थानम केन्द्र में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज से मिलने के बाद अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इससे पहले सांसद मैथ्यू हितकारी व ऑस्ट्रेलिया से आए अभिमन्यु, कुरुक्षेत्र 48 कोस तीर्थ निगरानी कमेटी के चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा ने गीता स्थली ज्योतिसर तीर्थ का अवलोकन किया। यहां पर चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा ने ऑस्ट्रेलिया से आए मेहमानों को ज्योतिसर तीर्थ के इतिहास और वट वृक्ष के बारे में जानकारी दी। गीता ज्ञान संस्थानम में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने सांसद मैथ्यू हितकारी व अभिमन्यु को पवित्र ग्रंथ गीता भेंट कर सम्मानित किया।

## हॉस्टल मैस वर्कर्स 1 मई को करेंगे आंदोलन

- हॉस्टल मैंस वर्कर यूनियन की बैठक में मांगों पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** वर्कर्स को संबोधित करते हॉस्टल मैस वर्कर यूनियन के प्रधान सुभाष पारचा।

हॉस्टल मैंस वर्कर यूनियन की आमसभा की बैठक हुई। अध्यक्षता हॉस्टल मैस वर्कर यूनियन के प्रधान सुभाष पारचा ने की और मंच का संचालन यूनियन के महासचिव कृष्ण चंद सैनी ने किया।

बैठक में पहलगाम में आंतकवादी द्वारा धर्म पूछ कर लोगों को मारा गया। होस्टल मैस वर्कर यूनियन कड़े शब्दों में निंदा करती है। पारचा ने कहा 26 मार्च को महिला चीफ वार्डन को एक मांग पत्र दिया गया था। जिसमें मांग थी कि जो कर्मचारी 2022तक या उन से पहले लगें हैं। उन सभी कर्मचारियों को वर्दी भत्ता पहले की तरह दिया जाए। जिन कर्मचारियों को पहले वेतन 7200 रुपये दिया जा रहा था। उनका वेतन 6500 रुपये कर दिया गया है। उनका वेतन भी 7200 रुपये दिया जाए। एक कर्मचारी 2016 से काम कर रहा है। उनका वेतन आज भी 6000 रु दिया जा रहा है।

## मेडिटेशन से शरीर व विचार शुद्ध होते हैं : बेदी

- ब्रह्माकुमारीज भवन में 'वाह जिंदगी वाह' कार्यक्रम जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद



हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि मेडिटेशन से न सिर्फ मानसिक शांति मिलती है, बल्कि शरीर और विचार भी शुद्ध होते हैं। आत्मा की जागरूकता से व्यक्ति स्थाई खुशी, आनंद और सफलता प्राप्त कर सकता है।

वे शनिवार सुबह ब्रह्माकुमारीज : प्रभु अनुभूति भवन शाहाबाद में चल रहे 8 दिवसीय 'वाह जिंदगी वाह' कार्यक्रम के सातवें दिन बतौर मुख्य अतिथि विचार व्यक्त कर रहे थे। ब्रह्माकुमारीज संस्थान द्वारा समाज में चल रहे विभिन्न प्रकल्पों की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि राजयोग द्वारा हम पुराने संस्कार बदलकर नए पॉजिटिव संस्कार बना सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर एवं राजयोगी ब्रह्माकुमार डॉ ई.वी. स्वामीनाथन ने 'आत्मा की शक्ति और वैज्ञानिक दृष्टिकोण' विषय पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि राजयोग दो शब्दों से मिल कर बना हैः 'राज' (शासन) और 'योग' (संपर्क)। इस का अर्थ है आत्मा का मन और इंद्रियों पर राज स्थापित करना। उन्होंने बताया कि रिसर्च के अनुसार, हमारे विचार पानी, भोजन और शरीर पर प्रभाव डालते हैं।

जो हम दिनभर सोचते हैं, वही हमारी ओरा बनाता है। अब तो वैज्ञानिकों ने भी ऐसा कैमरा विकसित किया है, जिससे ओरा को देखा जा सकता है। इससे जाना जा सकता है कि भविष्य में कौन-सी बीमारी होने की संभावना है। डॉ स्वामीनाथन ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति लगातार 90 दिनों तक गुस्सा नहीं करता, तो उसकी ओरा पॉजिटिव हो जाती है। संस्कार परिवर्तन के लिए व्यक्ति को अल्फा स्टेट में लाना जरूरी है।

## युवक को विदेश भेजने के नाम पर हड़पे 7.44 लाख रुपये

- आरोपी पिता पुत्र के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

विदेश भेजने के नाम पर गांव बसातिया वाला निवासी सरनप्रीत सिंह से सात लाख 44 हजार रुपए हड़प लिए। आरोप गुरप्रीत सिंह तथा उसके पिता राजपाल पर लगा है। सरनप्रीत अपने बेटे को रोजगार के लिए विदेश भेजने चाहता था। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर लिया है।

सरनप्रीत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका लड़का रोजगार की तलाश में विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात गुरप्रीत सिंह तथा उसके पिता राजपाल के साथ हुई। आरोपियों ने उसे कहा कि वह युवाओं को विदेश भेजने का काम करते हैं। वह उसके लड़के को भी रोजगार के लिए विदेश भेज देंगे। इसके लिए करीब आठ लाख रुपए का खर्च आएगा। वह आरोपी की बातों में आ गया। उसने आरोपियों को सात लाख 44 हजार रुपए दे दिए। मगर काफी दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों ने उसके लड़के को विदेश नहीं भेजा। जब उसने आरोपियों से बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

## देश का भविष्य गांवों की समृद्धि व किसानों की आत्मनिर्भरता से संबंधित : गडकरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- कुवि एवं स्वदेशी शोध संस्थान के तीसरे दिन आत्मनिर्भर भारत बनने का दिया मूल मंत्र



भारत सरकार में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने नई दिल्ली के भारतीय कृषि अनुसंधान केन्द्र में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय तथा स्वदेशी शोध संस्थान, नई दिल्ली व अन्य शैक्षणिक संस्थानों के संयुक्त तत्वावधान में विजन 2047ः समृद्ध और महान भारत विषय पर आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के अंतिम दिन दोपहर के सत्र में बतौर मुख्य वक्ता कहा कि भारत का भविष्य गांवों की समृद्धि व किसानों की आत्मनिर्भरता से संबंधित है।

आजादी के बाद ग्रामीण, कृषि और जनजातीय क्षेत्रों की उपेक्षा की गई। जल, जंगल, जमीन और पशु-संपदा जैसे संसाधनों को नजरअंदाज किया गया, जिसके चलते गांवों में न तो विकास हुआ, न रोजगार विकसित हुआ। इसके साथ ही शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं भी सीमित रह गईं। उन्होंने कहा कि यदि देश के गांवों में केवल 5 प्रतिशत से 10 प्रतिशत सड़कों का निर्माण किया जाए, तो देश की जीडीपी में 1,10,000 करोड़ रुपये की वृद्धि संभव है। इस योजना के चलते आज देश के 6.5 लाख गांवों में से 4.5 लाख गांव मजबूत सड़कों से जुड़ चुके हैं। इससे पहले स्वदेशी शोध संस्थान के राष्ट्रीय संयोजक आर सुदंरम व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी का स्वागत किया।

## चरस के साथ आरोपी काबू

- आरोपी से 3 .33 लाख की ड्रग मनी व विदेशी करंसी भी जब्त
- सीआईए टू ने आरोपी को छह दिन के रिमांड पर लिया, पूछताछ जारी




**अंबाला।** सीआईए टू ने नशा तस्करी के मामले में एक आरोपी को काबू किया है। तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 200 ग्राम चरस, 3,33,400 रूपये ड्रग्स मनी, 2046 अमेरिकन डॉलर, 3285 नेपाल करंसी, 15 सउदी अरब करंसी, 5 यूएई करंसी, 38.30 ग्राम सोना अंगूठी व 251.23 ग्राम चांदी की चेन भी जब्त की है।

अब पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है। एसपी अजीत सिंह शेखावत ने बताया कि पुलिस चरस बेचने के मामले में मोहाली के सन्नी व्यू कांप्लेक्स देसू माजरा सेक्टर 125 के रहने वाले इंद्रजीत सिंह को काबू किया था। आरोपी अभी यूपी के सरवस्ती जिले के गांव बनकटवा टेंडुवा में रहता है। तलाशी के दौरान ही पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चरस के साथ ड्रग्स मनी, अमेरिकन डॉलर, नेपाल करंसी, सऊदी अरब कंरसी, यूएई करंसी, सोना व चांदी के गहने भी जब्त किए थे। अब पुलिस ने आरोपी को छह दिन के रिमांड पर लिया है।

### मास्टर गेम्स में बास्केटबॉल टीम का किया प्रतिनिधित्व

# मेजर भानु प्रताप ने दिलाया स्वर्ण पदक

- हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में नेशनल मास्टर गेम्स आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर




**यमुनानगर।** मेजर भानु प्रताप बास्केटबॉल टीम के नेतृत्व के दौरान जीते हुए स्वर्ण पदक को दिखाते हुए।

भारतीय सेना की पूर्वी कमान में मेजर के पद पर तैनात जगाधरी के भानु प्रताप ने हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में आयोजित नेशनल मास्टर गेम्स 2025 में हरियाणा बास्केटबॉल टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश, जिला व सेना का गौरव बढ़ाया है। जगाधरी निवासियों ने मेजर भानु प्रताप की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी है।

जगाधरी के हुड्डा सेक्टर 17 निवासी मेजर भानु प्रताप के पिता सोमेश सिंह राणा व टीम के ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी राजेश बजाज ने संयुक्त रुप से बताया कि मौजूदा समय में मेजर भानु प्रताप भारतीय सेना की पूर्वी कमान में राष्ट्रसेवा कर रहे हैं। वह भारतीय सैन्य अकादमी देहरादून से स्थायी कमीशन अधिकारी के रूप में सेना में शामिल हुए थे।

#### सेना और खेल दोनों में किया उम्दा नेतृत्व

उन्होंने सेना और खेल दोनों ही क्षेत्रों में अनुशासन, समर्पण और नेतृत्व का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है। मेजर भानु प्रताप ने हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में गत 20 अप्रैल से 26 अप्रैल तक आयोजित नेशनल मास्टर गेम्स 2025 में हरियाणा बास्केटबॉल टीम का प्रतिनिधित्व किया। इस दौरान मेजर भानु प्रताप की खेल प्रतिभा, फूर्ती और रणनीतिक कौशल का प्रदर्शन पूरे टूर्नामेंट में देखने को मिला। गेम्स में उनकी टीम ने तीन राज्यों को हराकर फाइनल मैच में प्रवेश किया। फाइनल मैच में मेजर भानु प्रताप के नेतृत्व में हरियाणा की बास्केटबॉल टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश, जिला व सेना का गौरव बढ़ा दिया। फाइनल मैच में मेजर भानु प्रतार की सूझबूझ और प्रेरणादायक प्रदर्शन से टीम स्वर्ण पदक जीतने में सफल हुई। ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी राजेश बजाज ने बताया कि यह उपलब्धि न केवल खेल जगत के लिए गर्व की बात है। बल्कि देश के लिए समर्पित सैन्य अधिकारी के रूप में एक प्रेरणादायक उदाहरण भी है।

### तेल चोरी का आरोपी उत्तर प्रदेश से पकडा

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन की मथुरा-पानीपत पाइप लाइन से तेल चोरी के मामलों में फरार पांच हजार के इनामी आरोपी संदीप निवासी गांव बोडा जिला बागपत को सहारनपुर से गिरफ्तार किया है। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि संदीप ने ने गिरोह के पहले गिरफ्तार हो चुके अपने साथी आरोपी इशाक निवासी धामड़ रोहतक, सुनील निवासी मनाना समालखा व फरार एक अन्य साथी आरोपी के साथ मिलकर पाइप लाइन से तेल चोरी की उक्त वारदतों को अंजाम देने बारे स्वीकारा। पुलिस ने संदी को कोर्ट में पेश कर चार दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी से चोरी किया तेल व वारदात में प्रयुक्त गाड़ी बरामद करने व फरार आरोपी के ठीकानों का पता लगा काबू करने का प्रयास करेगी।

## फैक्ट्री से सामान चोरी के दो आरोपी काबू

- आरोपियों को पुलिस ने अदालत में पेश कर शुरु की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर में पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपी चोर।

थाना जगाधरी सिटी क्षेत्र की पुलिस चौकी बुढ़िया गेट की टीम ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। दोनों ने छह दिन पहले बर्तन फैक्ट्री में चोरी कर 55 किलो का पीतल का चक्का चोरी कर लिया था। आरोपियों से चोरी का सामान बरामद किया गया। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

चौकी इंचार्ज गुरदयाल सिंह ने बताया कि केसर नगर जगाधरी निवासी जगजीत सिंह की बर्तन फैक्ट्री में 21 अप्रैल को चोरी हुई थी। फैक्ट्री से करीब 35 किलो के बर्तन बनाने के पीतल के चक्के को सामान चोरी हुआ था। केस दर्ज होने के बाद जब जांच पड़ताल शुरू की तो चोरो का सुराग मिल गया। चोरी में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जिनकी पहचान लाल विहार कॉलोनी जगाधरी निवासी इंद्रजीत महाराज उर्फ निरंजन पुत्र धर्म महाराज व मुखर्जी पार्क जगाधरी निवासी अजीत गिरी पुत्र रवि शंकर गिरी के रूप में हुई। आरोपियों से चोरी का पीतल का चक्का बरामद किया गया।

## खबर संक्षेप

### सोध्वी मानवी महाराज का दीक्षा दिवस 27 को

**करनाल।** एस एस जैन सभा हनुमान गली द्वारा अक्षय तृतीया महोत्सव के अवसर पर साध्वी इदेवाक्षी महाराज का तीसरा वार्षिक तप दिवस तथा मानवी महाराज का 23 वां दीक्षा दिवस समारोह एसएस जैन सभा हनुमान गली में 27 अप्रैल को मनाया जाएगा। इस अवसर पर सुबह नौ बजे से कार्यक्रम होगा। जिसमें भगवान आदिनाथ के जीवन चरित्र की कथा और साध्वियों के प्रवचन होंगे। यह कार्यक्रम साध्वी मानवी महाराज, सोनाक्षी महाराज और देवाक्षी महाराज के सानिध्य में आयोजित किया जा रहा हैं। यह जानकारी नवीन जैन अशोक जैन और सतीश जैन ने दी।

### पशुओं से करें प्यार, न करें दुर्व्यवहार: अनिता

**करनाल।** रैड रिबन युवा क्लब करनाल की ओर से विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर हरियाणा पशु विज्ञान केंद्र (लुवास) उचानी में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा रत्न अवार्डी जोगिन्द्र रांवर ने पहुंचकर लुवास की रिजीनल डायरेक्टर डॉ. अनिता गांगुली, सीनियर साइंटिस्ट डॉ. हरप्रीत सिंह बराड, साइंटिस्ट डॉ. बी.आर. महाराणा, साइंटिस्ट डॉ. संदीप पोटिल्य व साइंटिस्ट डॉ. अंकित कुमार को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में लुवास की रिजीनल डायरेक्टर डॉ. अनिता गांगुली ने बताया कि अत्यधिक गर्मी पशुओं के लिए एक उभरती हुई समस्या है।



### ई लाइब्रेरी में भाविप ने लगाया वाटर कूलर

**तरावड़ी।** भारत विकास परिषद शाखा तरावड़ी के द्वारा चलाए जा रहे शीतल जल सेवा अभियान के अंतर्गत आज 31 वां वाटर कूलर ई लाइब्रेरी तरावड़ी में लगाया गया। इस अवसर पर विधायक भगवान दास कबीरपंथी व समाजसेवी प्रवीण गर्ग मौजूद थे। इस वाटर कूलर का शुभांरभ लाईब्रेरी मे पढ़ाई करने वाली लडक़ी द्वारा करवाया गया। इस वाटर कूलर का सहयोग बी.डी. ओवरसीज के सीएमडी व समाजसेवी प्रवीण गर्ग द्वारा किया गया। इस अवसर पर उद्योगपति प्रवीण गर्ग ने कहा कि माता पिता के आर्शीवाद से समाज हित के कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। इस

### राजेश बने मोहद्दीनपुर मंडल भाजपा महामंत्री

**करनाल।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने संगठन को मजबूत करते हुए मोहद्दीनपुर मंडल में नई नियुक्ति की है। राजेश लाठर को मोहद्दीनपुर मंडल का नया भाजपा महामंत्री नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति भाजपा करनाल जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर द्वारा की गई है। अपनी नियुक्ति पर राजेश लाठर ने पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व, प्रदेश नेतृत्व, जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर तथा स्थानीय संगठन का हृदय से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो विश्वास उन पर जताया है, वह उस पर खरा उतरने का भरसक प्रयास करेंगे।

### अधिकारियों को निर्देशित करते हुए आमजन की समस्याएं निपटाने को कहा

# विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने सुनीं क्षेत्र के लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनने के लिए विश्राम गृह पर खुला दरबार लगाया। खुले दरबार में सरकारी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे। खुले दरबार में काफी संख्या में लोग निजी व सार्वजनिक समस्याएं लेकर पहुंचे जिनमें से अधिकतर समस्याओं का समाधान मौके पर ही कर दिया गया, कुछ समस्याओं के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि क्षेत्र के लोगों की हर समस्या का समाधान समय अवधि में होना चाहिए।

बता दें कि हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण शनिवार को हाईवे पर स्थित विश्राम गृह पर पहुंचे और एक-एक करके लोगों से मिले और उनकी समस्याओं से रूबरू हुए। खुले दरबार में पेंशन, सार्वजनिक बिजली समस्या, गांवों में गलियों के निर्माण व अन्य समस्याएं लोगों ने विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण के समक्ष रखीं। वहीं निजी स्कूल के प्रबंधकों ने भी अपनी समस्या को लेकर हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष कल्याण से मुलाकात की। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष कल्याण ने उनकी समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि क्षेत्र के लोगों की किसी प्रकार की समस्या का हल होने में थोड़ा समय तो लग सकता है, लेकिन समस्या का हल जरूर होगा, लेकिन थोड़ा धैर्य रखना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में विधानसभा क्षेत्र में काफी विकास कार्य होने है, जोकि पाइप लाइन में है। उन्होंने कहा कि इस समय रिंग रोड का कार्य बड़ी तेजी से चल रहा है और शीघ्र ही लोगों को इसकी सौगात मिलने वाली है। विधानसभा अध्यक्ष कल्याण ने संगठन का विस्तार बढ़ाने व पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने को लेकर पार्टी के पदाधिकारियों के साथ एक बैठक की और भाजपा पदाधिकारियों को संगठन की मजबूती को लेकर चर्चा की।



घरौंडा। विश्राम गृह पर लोगो की समस्याओं से रूबरू होते विधानसभा अध्यक्ष।



घरौंडा। समस्याएं सुनने के बाद लोगों को आशवासन देते विधानसभाध्यक्ष।

## विधायक ने महर्षि कश्यप जयंती का दिया निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप विभिन्न गांवों में पहुंचकर 23 मई को लाडवा में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय महर्षि कश्यप जयंती समारोह में शामिल होने के लिए हल्का वासियों को निमंत्रण दे रहे हैं। इसी कड़ी में विधायक गांव गढ़ी साधान में पहुंचे और गांव वालों को इस राज्य स्तरीय समारोह में परिवार सहित आने के लिए आमंत्रित किया। गांवों में पहुंचने पर जनता ने विधायक रामकुमार कश्यप का जोरदार स्वागत किया। विधायक ने कहा सरकार महापुरुषों के इतिहास एवं उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है।



इंद्री। ग्रामीणों को राज्य स्तरीय महर्षि कश्यप जयंती समारोह मे शामिल होने का निमंत्रण देते विधायक रामकुमार कश्यप। फोटो: हरिभूमि



### लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की अस्थियां प्रवाहित, बेटे को याद करके फफक-फफक कर रो पड़े पिता

**करनाल।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए करनाल के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की अस्थियां प्रवाहित करने के लिए परिवार शुक्रवार को हरिद्वार पहुंचा। यहां गंगा नदी के तट पर अस्थियां प्रवाहित करते हुए विनय के पिता राजेश कुमार फफक कर रो पड़े। परिवार के लोगों ने राजेश कुमार को संभाला। 21 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी हमले में विनय नरवाल को 3 गोलियां मारी गई थीं। वह अपनी पत्नी हिमांशी के साथ हनीमून मनाने के लिए गए थे। नेवी के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल का बुधवार को करनाल में अंतिम संस्कार किया गया था। बहन सृष्टि और चचेरे भाई ने उन्हें मुखाग्नि दी थी। इससे पहले बहन ने अर्थी को कंधा भी दिया। सीएम नायब सैनी और पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला भी श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे। लेफ्टिनेंट की अंतिम यात्रा में जनसैलाब उमड़ा था। लोगों ने विनय नरवाल अमर रहे और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए।



### भगवानदास कबीरपंथी की उपस्थिति में महापौर रेनू बाला गुप्ता ने नलकूप का किया उद्घाटन

**करनाल।** गर्मियों के मौसम में स्वच्छ पेयजल मुहैया करवाने के लक्ष्य को लेकर नगर निगम लगातार कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को महापौर रेनू बाला गुप्ता ने नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी की गरिमामयी उपस्थिति में नगर निगम के तीन अलग-अलग क्षेत्रों में नलकूप का उद्घाटन किया। इनमें वार्ड 1 का गांव झंझाड़ी, वार्ड 11 का कर्ण कैनाल तथा वार्ड 18 में प्रेम नगर क्षेत्र का ट्यूबवेल शामिल है। सर्वप्रथम महापौर ने वार्ड नम्बर 1 के गांव झंझाड़ी में नलकूप का उद्घाटन किया। इस मौके पर विधायक भगवानदास कबीरपंथी भी मौजूद रहे। इस नलकूप के निर्माण पर 19 लाख रूपये की अनुमानित लागत आई है। इसमें नलकूप के लिए नया बोर, पाईप, मोटर तथा चैम्बर का निर्माण कार्य शामिल है। इसके पश्चात उन्होंने वार्ड नम्बर 18 के प्रेम नगर क्षेत्र में ट्यूबवेल का उद्घाटन किया।

## पहलगाम में हुए आतंकी हमले के मद्देनजर एसडीएम ने की सरपंचों के साथ बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के मद्देनजर उपमंडल में कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसडीएम अशोक मुंजाल की अध्यक्षता में बीडीपीओ कार्यालय में सरपंचों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी सरपंचों ने भाग लिया और उपमंडल में भाईचारा एवं सद्भाव बनाए रखने को लेकर विचार-विमर्श किया। सरपंचों ने अपने सुझाव भी दिए और प्रशासन को सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर हमले में जान गंवाने वाले लोगों की आत्मा की शांति के लिए मौन धारण किया गया। बैठक में एसडीएम ने कहा कि पहलगाम की घटना से सभी आहत हैं। सरकार अपने स्तर पर कदम उठा रही है, लेकिन जिले के साथ-साथ उपमंडल में ऐसी कोई अप्रिय घटना नहीं होनी चाहिए, जिससे आपसी भाईचारा खराब हो। इंद्री एक शांतिप्रिय शहर है और आगे भी हमें मिलकर एक दूसरे का साथ देना है।



इंद्री के बीडीपीओ कार्यालय में सरपंचों के साथ बैठक करते एसडीएम अशोक मुंजाल। फोटो: हरिभूमि

## डीएवी पीजी कॉलेज में हुआ पूर्व छात्र मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

डीएवी पीजी कॉलेज में एल्युमिनाई मीट में पहुंचे सभी पूर्व छात्र - छात्राओं का स्वागत करते हुए कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर रामपाल सैनी ने विधिवत रुप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पूर्व छात्र मिलन समारोह की संयोजक डॉ रेखा चौधरी व अन्य सभी टीचर्स ने प्राचार्य का स्वागत किया। समारोह में सैंकड़ों की संख्या में पूर्व छात्र-छात्राएं पहुंचे जिन्होंने गुरुजनों से मुलाकात कर उनका कुशल स्नेह पूछा व पुरानी यादों को ताजा कर उनसे आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व छात्रों ने सांस्कृतिक गतिविधि के तहत गीत, गजल व नृत्य प्रस्तुत कर समां बाध दिया। कार्यक्रम में पूर्व छात्रों से मुखातिब होते हुए प्राचार्य ने उनसे विद्यार्थी के रूप में उनके अनुभव सांझा किये और वर्तमान में उनकी स्थितिके बारे में जानकारी ली। पूर्व छात्रों ने बताया कि वह आज जो भी हैं वह इस संस्था की देन है और आज वह यहां आकर स्वंय को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। वह इसके लिए महाविद्यालय के आभारी हैं। पूर्व छात्रों ने प्राध्यापकों से अपने वर्तमान जीवन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कईं विद्यार्थी महत्वपूर्ण पदों पर पहुंचकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं, और अनेक के अपने व्यवसाय हैं। ज्यादातर विद्यार्थी बिजनेस और अन्य कारोबारों से जुड़े होकर समाज में अपना योगदान दे रहे हैं। प्राचार्य प्रोफेसर रामपाल सैनी ने सभी पूर्व विद्यार्थियों को महाविद्यालय के विकास को लेकर चर्चा की और पूर्व छात्रों के सुझाव को शामिल करने को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने पूर्व छात्रों को कॉलेज का भ्रमण करवाया और कार्यक्रम में महाविद्यालय की विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति और उपलब्धियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। पूर्व विद्यार्थियों ने भी प्राचार्य को आश्वस्त किया कि वह महाविद्यालय के ऋृण भ हैं इस अवसर पर डीएवी पीजी कॉलेज एल्युमिनाई सोसायटी के प्रधान योगेन्द्र कुमार ने कहा कि यह परंपरा पूर्व छात्र -छात्राओं को प्रेरित करती है जिससे वो संस्था के विकास में अपना योगदान दे सकें और इस परंपरा को हमेशा जारी रखा जाएगा।





तरावड़ी। प्रताप स्कूल के बच्चे कार्यक्रम मे भाग लेते हुए। फोटो: हरिभूमि

### प्रताप पब्लिक स्कूल में मनाया गया पृथ्वी दिवस

**तरावड़ी।** पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन कक्षा पाँचवी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ स्कूल निर्देशिका पिथी चौधरी और स्कूल प्रधानाचार्य विकास उत्तेरजा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्रों द्वारा भाषण, कविता, लघु नाटक, पौधारोपण, पृथ्वी का इतिहास आदि गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। स्कूल विद्यार्थियों के द्वारा पौधारोपण करवाया गया और उन्होनें प्रण लिया कि वे अधिक से अधिक पौधारोपण करेंगे और पर्यावरण को शुद्ध बनाए रखने में अपना सम्पूर्ण योगदान देंगे। इस अवसर पर स्कूल निर्देशिका पिथी चौधरी ने बच्चों को बताया कि पूरे विश्व में पृथ्वी दिवस मनाया जाता है।

## परशुराम जी का जन्मोत्सव मनाया

- 30 अप्रैल क़ो होगी मूर्ति स्थापना
- एक मई क़ो भव्य कार्यक्रम मैं विधानसभा स्पीकर हरविंद्र कल्याण व जेल मंत्री अरविन्द शर्मा शिरकत करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव इस वर्ष घरौंडा में बड़े ही धूमधाम व श्रद्धा भाव से मनाए जाने की तैयारियाँ जोरों पर हैं। मेन बाजार स्थित ब्राह्मण धर्मशाला को भव्य रूप से सजाया जा रहा है, जहाँ भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही, इस पावन अवसर पर एक नया मंदिर भी स्थापित किया जाएगा। इस संबंध में ब्राह्मण सभा के प्रधान ललित शर्मा एवं वरिष्ठ पदाधिकारी सुशील कौशिक की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन भगवान परशुराम धर्मशाला में किया गया। बैठक में समाज के कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया और जन्मोत्सव आयोजन की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। समाज के लोगों ने अपने विचार साझा करते हुए कार्यक्रम को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए विभिन्न सुझाव भी प्रस्तुत किए। 30 अप्रैल को भगवान परशुराम जी की प्रतिमाओं की पूरे शहर में शोभायात्रा एवं परिक्रमा निकाली जाएगी। इस शोभायात्रा में समाज के सभी वर्गों के लोग बढ़-चढ़कर भाग लेंगे और पूरे शहर में भक्ति व उल्लास का वातावरण बनाया जाएगा।



### आतंकवादी घटना कायरतापूर्ण : रेनू भाटिया



**करनाल।** हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले नौसेना के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के सेक्टर-7 स्थित निवास स्थान पर शनिवार को पहुंचीं और विनय नरवाल को श्रद्धांजली दी। उन्होंने कहा कि पूरा देश इस घटना में जान गंवाने वाले लोगों के साथ खड़ा है, इस घटना का केंद्र सरकार मुंहतोड़ जवाब देगी और प्रधानमंत्री ने सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक में कई कड़े फैसले लिए हैं। उन्होंने कहा कि पहले भी आतंकवादियों ने इस तरह की घटना को अंजाम दिया था, जिसका जवाब सर्जिकल स्ट्राइक के रूप में उनके घर जाकर दिया गया था। इस बार ऐसा जवाब दिया जाएगा कि देश की तरफ आंख उठाने की किसी की भी हिम्मत नहीं होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह सहित पूरी सरकार अलर्ट और गंभीर है। उन्होंने लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि यह बहुत निंदनीय घटना है, ऐसी दुखदायी घटना से पूरा देश दुखी है और इस दुख की घड़ी में केंद्र व प्रदेश सरकार परिवार के साथ खड़ी है।

### आतंकवाद घटना असहनीय व दुर्भाग्यपूर्ण : मुकेश



**तरावड़ी।** तरावड़ी अनाज मंडी मे आढ़ती एसोसिएशन तरावड़ी के मीडिया प्रभारी एवं समाजसेवी मुकेश गर्ग ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा कायरतापूर्ण व बर्बरतापूर्ण हमले की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने इस घटना को असहनीय व दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि इस घटना से पूरे देश में गम का माहौल है। ये दिल दहला देने वाली घटना है। इस घटना में खासतौर पर मासूम हिंदू पर्यटकों को निशाना बनाया गया है जिससे पूरे देश में अफरा-तफरी का माहौल है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद का कोई धर्म-मजहब नहीं होता। वो सिर्फ इंसानियत के नाम पर कलंक हैं। आढ़ती एसोसिएशन तरावड़ी के मीडिया प्रभारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश गर्ग तरावड़ी अनाज मंडी में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ओर केंद्र सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द इन आतंकवादियों को पकडक़र इन्हें फांसी की सजा दी जाए, जिससे पीड़ितों के परिवारों के गम कुछ कम हो सकें, उन्हें न्याय मिल सके।

### ग्रांड एल्यूमिनाई मीट में 1957 से लेकर 2024 तक के पास आउट छात्रों का दिखा संगम

# दादा-बेटा और पोते सहित थ्री जनरेशन का हुआ मिलन

- कई पूर्व छात्र बड़े उद्योगपतियों बडे अधिकारियों और शिक्षाविदों बड़े टैक्नोक्रेट के रूप में पहुंचे
- पुरानी यादों में खो गए छह दशक पहले के पासआउट विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

गुरु ब्रह्मानंद जी पोलीटेक्निक कालेज नीलोखेड़ी के पूर्व विद्यार्थियों द्वारा आज ग्रांड एल्यूमिनाई मीट का आयोजन गुरु ब्रह्मानंद जी पोलीटेक्निक कालेज परिसर में किया गया। इस अवसर पर 1957 से लेकर 2024 वैच के विद्यार्थी एकत्रित हुए। जिसमें पूर्व छात्रों के रूप में तीन पीढिय़ों के छात्र एकत्रित हुए। यहां पर लोगों की पुरानी यादें ताजा हो कईं। पूर्व विद्यार्थियों ने पुराने गानों पर झूमते हुए अपनी खुशी का इजहार किया। यहां पर कार्यक्रम का आयोजन एक खुबसूरत गुलदस्ते के रूप में किया था। कार्यक्रम का आयोजन गुरु ब्रह्मानंद जी पोलीटेक्निक कालेज के साथ पूर्व छात्र ऐसोसिएशन ने किया था। कार्यक्रम का सांयोजन गुरु ब्रह्मानंद जी पोलीटेक्निक संस्थान एल्यूमिनाई एसोसएशिन के प्रधान राजन अरोड़ा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिजथि नीलोखेड़ी के विधायक भगवान दास कबीरपंथी थे। कार्यक्रम में नगरपालिका चेयरमैन सनमीत आहूजा और उनके पति भी विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे। कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन सबसे सीनियर छात्र डीआई गुप्ता, देवेंद्र ठकराल तथा इंद्रजीत आजाद सहित अन्य पूर्व छात्रों ने किया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण प्राचार्य श्रीमती रेनू बजाज ने दिया। उन्होंने कालेज के इतिहास के बारे में प्रकाश डाला। इस अवसर पर बताया गया कि आजादी के बाद पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के प्रयासों से यहां पर पोलीटेक्रिक कालेज की स्थापना 1954 में की गई। पहला बैच 1957 में निकला। पहले दो साल का डिप्लोमा शुरू हुआ। उसके बाद तीन साल का डिप्लोमा हो गया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में पचास बैच के विद्यार्थी मौजूद थे। सबसे पुराने बैच 1957, 19 60 के विद्यार्थी भी मौजूद थे। उन्होंने पुरानी यादें ताजा की। कार्यक्रम में कई बार भावुक पल आए। अपनी पुरानीयादें को ताजा करते हुए लोग यादों में खोते नजर आए। 1960 बैच के छात्र देवेंद्र ठकराल तथा इंद्रजीत ने बताया कि वह 1960 के बाद 2018 में मिले थे। वह पुराने दोस्त रहे हैं। उनके बेटे और पौते ने यहां से पढ़ाई की। उन्होंने बताया कि वह पुराने समय को याद करते रोमांचित हो जाते है।



### पूर्व छात्रों को प्रधान राजन अरोड़ा ने किया सम्मनित

पोलीटेक्निक संस्थान एल्यूमिनाई एसोसएशिन के प्रधान राजन अरोड़ा ने इस कालेज के पहले बैच 1957 से लेकर 2024 तक के पास आउट विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि यह संस्थान इस क्षेत्र का पहला बहुतकनीकी संस्थान हैं। यहां से पास आउट होने वाले विद्यार्थी आज देश विदेश में प्रतिष्ठित संस्थानों तथा केंद्र और राज्य सरकारों में प्रतिष्ठित पदों पर पदस्थ हैं। श्री अरोड़ा ने बताया कि एल्यूमिनाई मीट में पूर्व छात्रों का मिलन हुआ।



### आतंकी हमले में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि

**तरावड़ी।** एसएमएस पब्लिक स्कूल तरावड़ी में पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को छात्र छात्राओं और स्टाफ सदस्यों ने श्रद्धांजलि दी। स्कूल प्रशासन ने मोदी सरकार से पाकिस्तान से बदला लेने की भी मांग की है। प्रार्थना सभा के बाद इस हमले में मारे गए लोगों के आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा और काले बिल्ले लगाकर विरोध प्रदर्शन किया. वहीं स्कूल प्रशासन ने इस हमले की कड़े शब्दों में निंदा की.जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर धर्म पूछ कर आतंकी हमले से आमजन में गम और आक्रोश का माहौल बना हुआ है। आतंकी हमले के दौरान निर्दोष लोगों की मौत से नगर क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है।

**सार्वजनिक सूचना**

**कार्यालय मार्केट कमेटी, तरावड़ी**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय मार्केट कमेटी, तरावड़ी के रिकार्ड अनुसार दुकान नः 63 साईज 20x85 अनाज मंडी में अलाटमेन्ट आर्डर नः 1121 दिनांक 10 नवम्बर 1988 के तहत श्री कृष्ण लाल सुपुत्र श्री भगवान दास तरावड़ी के नम अलाट हुई थी। जिसकी दिनांक 17 सितम्बर 2009 को श्री प्रेम चन्द मित्तल सुपुत्र द्वारका दास तरावड़ी के नाम से रजिस्ट्री करवा ली थी। उनकी 16 दिसम्बर 2020 को मृत्यु हो गई है। श्री प्रेम चन्द मित्तल के मरणोपरान्त दुकान नः 63 की मलकियत वसीयत के अनुसार उनके वारिस अनिल कुमार सुपुत्र श्री प्रेम चन्द मित्तल के नाम करने बारे कार्यालय मार्केट कमेटी तरावड़ी मे प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है। उपरोक्त वारिस अपने नाम करवाना चाहता हैं। अगर उक्त विषय में किसी का कोई ऐतराज है वह अपना एतराज सबूत के साथ लिखित रूप में 30 दिनों के अंदर अंदर मार्केट कमेटी कार्यालय तरावड़ी में पेश करें। अतः दुकान नः 63 की नलकियत विज्ञापन प्रकाशन की दिनांक के 30 दिन के बाद अनिल कुमार सुपुत्र प्रेम चंद मित्तल के नाम नियमानुसार ट्रांसफर करने की कार्यवाही अमल मे लाई जाएगी। इसके पश्चात मार्केट कमेटी तरावड़ी की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

हस्ता/- सचिव एवं कार्यकारी अधिकारी, मार्केट कमेटी, तरावड़ी फोन नः 01745 242042

## खबर संक्षेप

### फाइनल ईयर के छात्रों को विदाई दी

**पानीपत।** आईबी कॉलेज में अंग्रेजी विभाग द्वारा बीए फाइनल ईयर होनर्स, बीए फंक्शनल फाइनल ईयर तथा एमए फाइनल ईयर के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई दी गई। वहीं विदाई समारोह में एमए फाइनल की रिया मिस फेयरवेल, प्राची मिस ऑल राउंडर रही। जबकि बीए ऑनर्स फाइनल ईयर से साहिल मिस्टर फेयरवेल व हरसिमरन मिस फेयरवेल चुने गए। बीए फंक्शनल फाइनल ईयर से मनीष ने मिस्टर फेयरवेल तथा पूजा ने मिस फेयरवेल का खिताब जीता। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक, अंग्रेजी विभागाध्यक्षा डॉ. नीलम, डॉ निधि मल्होत्रा, डॉ स्वाति पुनिया, डॉ नेहा पुनिया, डॉ मधु शर्मा, डॉ विनय वाधवा, सोनल, रेखा शर्मा, प्रिया बरेजा, प्रिया सदाना, राहुल, रिया, संजना, कोमल, आकांक्षा, कशिश आदि उपस्थित रहे।

### स्वीप गतिविधियों का शुभारंभ

**पानीपत।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तहसील कैंप स्कूल से स्वीप गतिविधियों की शुरुआत जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी डाइट प्राचार्य सुभाष भारद्वाज के नेतृत्व में की गई। उन्होंने बताया कि जिला निर्वाचन कार्यालय के दिशा निर्देशानुसार के अनुसार वोटर जागरूकता अभियान सभी मतदान केन्द्रों पर किया जाएगा। जिसके ऑल ओवर इंचार्ज लक्ष्मी नारायण सीनियर लेक्चरर डाईट और नोडल अधिकारी संजीव कुमार संस्कृत प्राध्यापक राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल राजाखेड़ी, रणबीर सिंह मैथ लेक्चर व सतविंदर रहेंगे। पर विद्यालय प्राचार्य गुलाब, दीपक, राजकुमार, नीरज व विनोद आदि मौजूद रहे।

### हिमगिरी स्कूल की कैबिनेट गठित

**समालखा।** हिमगिरी पब्लिक स्कूल में शनिवार को अलंकरण समारोह मनाया गया। आज आयोजित कार्यक्रम में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने के लिए विद्यार्थियों की उपस्थिति में यश कुमार रूहल को स्कूल हैड बॉय, अमृता को स्कूल हैड गर्ल तनीष व खुशी को स्कूल स्पोर्टस कैप्टन चयनित किया गया। वहीं, प्रिंसिपल प्रमोद राठी ने चुने गए प्रोक्टोरियल बोर्ड के सभी सदस्यों को बधाई दी है। इस अवसर पर स्कूल की मैनेजर विजय लक्ष्मी राठी, राजबीर राठी व रामनिवास आदि मौजूद रहे।

### साढे चार एकड में गेहूं की फांस जल कर राख

**समालखा।** हरे कृष्णा स्कूल के पास अज्ञात करण के चलते साढे चार एकड में खडी गेहूं की फांस जल कर राख हो गई। वहीं दमकल की तीन गाडियों की मदद से आग को काबू किया गया। आग काबू होने पर आसपास के किसानों ने राहत की सांस ली।

### घर से मोबाइल चोरी का आरोपित पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने गोदाम व घर से मोबाइल फोन चोरी करने वाले आरोपी सतेंद्र पुत्र चंद्रपाल निवासी बरौनिया गोकुल हरदोई यूपी हाल किरायेदार अर्जुन नगर को गिरफ्तार किया है। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि चोरी की उक्त वारदात बारे थाना सेक्टर 13/17 में ईश्वर पुत्र प्रेम सिंह निवासी गांव बिडौली जिला शामली उत्तर प्रदेश की शिकायत पर केस दर्ज है।

### महिला की पांच लाख की चेन चोरी

**पानीपत।** पानीपत के प्राचीन श्री देवी मंदिर में सत्संग सुनने के बाद प्रसाद लेने के लिए कतार में खड़ी लक्ष्मी रानी निवासी हुडा सेक्टर 18 के गले से सोने की चेन-लॉकेट चोरी हो गई। इसका वजन करीब साढे चार तोला था जिसक कीमत करीब पांच लाख है। लक्ष्मी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### तीन जरूरतमंद छात्राओं की सहायता की

**पानीपत।** गरीब परिवार सहायता समिति द्वारा जरूरमंद परिवार की तीन छात्राओं का एसडी स्कूल में दाखिला करवाया। समिति की सदस्य पूर्व मेयर अवनीत कौर ने कहा कि तीनों बच्चियों की पढ़ाई में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

---

### पहलगाम आतंकी हमला: पैदल गश्त व संदिग्धों की गहनता से जांच हो रही

# पानीपत पुलिस अलर्ट मोड पर जिलेभर में सुरक्षा बढ़ाई

**पुलिस अधीक्षक ने थाना और चौकी इचार्जो को सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के बाद पानीपत पुलिस अलर्ट मोड पर है। वहीं, पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह द्वारा जिला के सभी पर्यवेक्षक अधिकारी, थाना प्रबंधकों व चौकी इचांर्जो को सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। पुलिस जवानों द्वारा जिला में पैदल गश्त करने के साथ ही नाकाबंदी कर वाहनों व संदिग्धों की गहनता से जांच की रही है। बस स्टैंड पर यात्रियों के सामान को भी चैक किया जा रहा है और आने जाने वालों पर निगरानी रखी जा रही है। दस्तावेज भी चैक किये जा रहे है। जिला में जगह जगह पर पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है। पीसीआर राइडर निरंतर गश्त कर रही है। पुलिस टीम हाइवे पर आने जाने वाले की भी जांच कर रही है। होटल, ढाबे, धर्मशाला रेस्टोरेंट इत्यादि की चेकिंग की जा रही है। सभी जगह पर रजिस्टर चेक किये जा रहे हैं।

होटल ढाबा धर्मशाला रेस्टोरेंट संचालक को बिना आईडी किसी को भी ठहरने की अनुमति नहीं देने की हिदायत दी गई है। पुलिस लाइन में जवानों की चार कंपनी के साथ ही हथियारबंद जवानों की एक स्वेट टीम तैनात की गई है। सभी जवानों को सतर्क रहने और पूरी मुस्तैदी से ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए है। वहीं, पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने कहा कि बस स्टैंड व व्यस्त बाजारों में सुरक्षा बढा दी गई है। सिविल ड्रैस में भी जवानों को तैनात किया गया है। खुफिया तंत्र को और अधिक सक्रिय कर दिया गया है। उन्होंने जनत से अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति को देखें या लावारिस वस्तु के बारे में जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। सोशल मीडिया पर भी पुलिस विशेष नजर बनाए हुए है। इसके लिए अलग से टीम गठित कर तैनात की गई है। किसी भी तरह की अफवाह फैलाने वालो पर कार्रवाई की जाएगी। कानून व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करे।



पानीपत। पुलिस संदिग्ध नागरिक की जांच करते हुए। फोटो : हरिभूमि

---

**भक्तामर स्तोत्र महान अतिश्यकारी**

# भक्तामर स्तोत्र के पाठ से रोग व शोक से मुक्ति : मां ससंघ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जैन महोल्ला में श्री 1008 महावीर स्वामी दिगंबर जिनालय ((छोटा मंदिर) नवीनीकरण महोत्सव के प्रथम दिवस पर गणिनी आर्यिका 105 आर्षमति माताजी ससंघ के पावन सानिध्य में अभिषेक एवं विश्व शांति की कामना हेतू शांतिधारा के साथ श्री भक्तामर स्तोत्र दीप अर्चना प्रारंभ हुई। वहीं मां ससंघ ने अपने मंगल उद्बोधन में कहा कि भक्तामर स्तोत्र महान अतिश्यकारी है इसका प्रत्येक अक्षर एक मंत्र के समान है प्रत्येक काव्य में 56 अक्षर है और कुल 48 काव्यों के द्वारा आचार्य मानतुंग स्वामी ने प्रथम तीर्थंकर श्री ऋषभदेव भगवान की स्तुति इस स्तोत्र के माध्यम से की है। भक्तामर स्तोत्र के पाठ से सभी प्रकार के आधि - व्याधि, रोग-शोक से मुक्ति मिलती है। मां ससंघ ने समस्त जैन समाज को आशीर्वाद प्रदान किया और कहा कि मंदिर का नवीनीकरण अति सुंदर एवं भव्य जिनालय के रूप होना चाहिए। मनोज जैन, कुलदीप जैन, पुनीत जैन, सुरेश जैन, सुशील जैन, दिनेश जैन, रुलिया राम जैन, भूपेंद्र जैन, वीरज जैन, जगदीश जैन, भूपेश जैन, प्रदीप जैन, संजीव जैन मौजूद थे।



पानीपत। श्री 1008 महावीर स्वामी दिगंबर जिनालय में प्रवचन करते मां ससंघ।

### शहीदों को श्रद्धांजलि दी

**पानीपत।** पहलगाम में हुई आतंकवादी घटना में मारे गए 28 नागरिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए मजदूर संगठन सीटू जिला कार्यालय गीता कॉलोनी में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। श्रद्धांजलि सभा में जयकरण कादियान, सीटू राज्य सचिव सुनील दत्त, डॉक्टर सुरेंद्र मलिक, राजपाल, दिलावर सिंह राठी, राम रतन सैनी एडवोकेट, जय भगवान, नवीन सपडा, पवन सैनी एडवोकेट, भूपेंद्र कश्यप, अमरीश त्यागी, शिवकुमार, कश्मीर सिंह,

### जल का संरक्षण करें नागरिकः प्रवीण

**पानीपत।** समाज सेवा संगठन ने शनिवार को जाटल रोड नहर के पास शनि मंदिर पर वाटर कूलर का शुभारंभ किया है। ताकि मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं व राहगिरों को गर्मी में शीतल जल मिल सके। इधर, संगठन अध्यक्ष प्रवीन जैन ने बताया कि इस क्षेत्र में पीने के पानी का कोई इंतजाम नहीं था और जाटल रोड पर समाज सेवा संगठन के पदाधिकारीगण हर समय राहगीरों का आना जाना लगा रहता हैं। जबकि मंदिर पर भी श्रद्धालुओं की भीड़ रहती हैं। इस क्षेत्र में अधिकतर श्रमिक रहते है। इसके चलते यहां वाटर कूलर लगाया गया है ताकि इन्हें पीने के लिए ठंडा पानी मिल सके। उन्होंने बताया कि समाज सेवा संगठन जनता की सेवा के लिए अभी तक 37 वाटर कूलर लगवा चुका है। इस अवसर पर नीरज जैन कैलाश जैन बाबू राम गोयल पंडित जोगिंदर मौजूद रहे।



वाटर कूलर का शुभारंभ करते हुए।

---

**प्रेरणा लेकर उच्चाधिकारी बनने का आह्वान किया**

# यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली शिवानी, हिमांशु व निशांत सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

चंदन बाल विकास पब्लिक स्कूल आट्टा में यूपीएससी की परीक्षा में चयनित शिवानी पांचाल, हिमांशु कादियान व निशांत बंसल के सम्मान हेतु प्रेरणा और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा व विशिष्ट अतिथि के रूप में मनमोहन भडाना, देवेंद्र कादियान एमएलए गन्नौर ने शिरकत की। वहीं, डायरेक्टर नरेश कुमार, प्रधानाचार्य अनिल कुमार व अध्यापकगण ने पुष्पगुच्छ व पुष्पमालाओं से इनका स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मंच संचालन डॉक्टर श्वेता व हरजीत कौर द्वारा किया गया। वहीं, हिमांशु कादियान ने अपनी स्कूली यात्रा से अब तक के संघर्ष को सांझा किया। अतिथियों ने शिवानी पांचाल, हिमांशु कादियान व निशांत बंसल को बधाई व उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। जबकि चंदन बाल विकास स्कूल के छात्रों से शिवानी पांचाल, हिमांशु कादियान व निशांत बंसल से प्रेरणा लेकर उच्चाधिकारी बनने का आह्वान किया। डायरेक्टर नरेश कुमार, प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने अथितियों को स्मृति चिंह भेंट किए।




पानीपत। चंदन बाल विकास स्कूल गांव आट्टा में संबोधन करते विधायक मनमोहन भडाना।

# अनुशासित मेहनत से सफलताः भडाना

- विधायक भडाना ने शहीद लेफ्टिनेंट को श्रद्धांजलि दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

समालखा के विधायक मनमोहन भडाना ने शहीद लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के परिजनों से उनक करनाल स्थित निवास पर मुलाकात की और दुखी परिवार का ढांढ़स बंधाया। इस दौरान भडाना ने कहा जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बर्बरतापूर्ण हुए आतंकवादी हमले में भारतीय नौसेना के लेफ्टिनेंट, करनाल के लाल विनय नरवाल की असामयिक मृत्यु से मन अत्यंत भारी है और हृदय पीड़ा से भरा हुआ है। आज उनके घर पहुंचकर विनय के दादाजी चौधरी हवा सिंह तथा अन्य शोकाकुल परिजनों को सांत्वना प्रदान कर ढांढस बंधाया। दुःख की इस घड़ी में लेफ्टिनेंट विनय के परिजन स्वयं को अकेला न समझें, हम सभी उनके साथ हैं। इस कायराना आतंकी हमले की जितनी कड़ी निंदा की जाए उतना कम है। आंतकी हमले में अपने प्राणों की आहुति देने वाले समस्त परिवारजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा उनके परिजनों को यह अपार दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।



पानीपत। करनाल में शहीद लेफ्टिनेंट विनय के परिजनों का ढांढस बांधते विधायक मनमोहन भडाना।

---

# पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए जागरूक किया

- दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में इको क्लब की ओर से पर्यावरण अनुकूल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में इको क्लब की ओर से पर्यावरण अनुकूल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ.विनीता तोमर द्वारा की गई। इसका मुख्य उद्देश्य प्लास्टिक एवं उससे संबंधित दैनिक जीवन में प्रयोग होने वाली वस्तुओं के स्थान पर कपड़े, जूट, धातु, कांच, बांस और मिट्टी से बनी वस्तुओं का प्रयोग करके पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए जागरूक करना रहा।

इसमें बच्चों ने वेस्ट चीजों से पेपर बैग, गुलक, पौधों के गमले, कूड़ादान, पेनदानी, पुराने कपड़ों से थैले आदि विभिन्न आर्कषक वस्तुएं बनाई और उनसे संबंधित जानकारी दी। प्रधानाचार्या डॉ. विनीता तोमर ने कहा कि सभी को प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करना चाहिए और पर्यावरण को घना करने के लिए अधिक से अधिक संख्या में पौधे रोपने चाहिए।




दयाल सिंह स्कूल में पर्यावरण अनुकूल प्रदर्शनी में अपने उत्पादों का प्रदर्शन करती छात्राएं।

# शहीदों की याद में कैंडल मार्च निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में पानीपत बरसत रोड चुंगी से फ़तेहपुरी चौक तक शुक्रवार देर शाम विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक संगठनों व व्यापारियों ने कैंडल मार्च निकालकर पहलगाम हमले में जान गंवाने वाले निर्दोष पर्यटकों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मार्च में भाग लेने वाले लोगों ने आतंकवादियों द्वारा किए गए नरसंहार की निंदा की और केंद्र सरकार से आतंकवादियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। राजेश बत्रा ने कहा कि निर्दोष लोगों को उनके परिवार के सामने मौत के घाट उतार कर कायरता दिखाई है। उन्होंने धर्म पूछ कर धर्म को ही शर्मसार किया है।

धर्म निर्दोष प्राणियों की हत्या की अनुमति बिल्कुल नहीं देता। इस अवसर पर विनय अरोड़ा, पार्षद अंजलि शर्मा, हरीश कटारिया, इंदु कुकरेजा सहित शहर की विभिन्न धार्मिक सामाजिक संस्थाओं के सदस्य मौजूद रहे।



पानीपत। पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए लोगों की याद में कैंडल जलाते हुए

### पानीपत की मंडियों में 2.87 लाख मीट्रिक टन गेहूं की आवक

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने पानीपत जिला की मंडियों में गेहूं की खरीद का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। वहीं, 25 अप्रैल तक मंडियों में 287178.8 मीट्रिक टन की कुल आवक हुई है व 258520.4 मीट्रिक टन की खरीद हुई है और 199284.05 मीट्रिक टन की अब तक लिफ्टिंग हुई है। उपायुक्त ने बताया कि सभी मंडियों में खरीद का कार्य सुचारू रूप से किया जा रहा है। वहीं, पानीपत मंडी में 29341.2 मीट्रिक टन की आवक हुई व 28711.5 मीट्रिक टन की खरीद हुई व 24408 मीट्रिक टन की लिफ्टिंग हुई है। बाबरपुर मंडी में अब तक 15425.1 मीट्रिक टन की कुल आवक हुई व 15193.4 की खरीद हुई और 15924 मीट्रिक टन की लिफ्टिंग हुई है। जबकि बबैल मंडी में 4607.1 मीट्रिक टन की आवक हुई व 4607.1 की खरीद हुई।

---

## न्यूज डायरी

### इस्लाम और मानवता पर प्रहार पहलगाम आतंकी हमला



**पानीपत।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन संवर्द्धन परिषद के वाइस चेयरमैन अफसर रावल ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले को इंसानियत, इस्लाम और भारतीय एकता पर सीधा हमला बताया है। उन्होंने कहा कि पर्यटकों की निर्मम हत्या केवल आतंकवाद नहीं, बल्कि भारत की साझी तहजीब और भाईचारे को तोड़ने की एक नाकाम कोशिश है। उन्होंने कहा कि इस्लाम शांति, करुणा और इंसाफ़ का धर्म है। ऐसा दीन हिंसा की कोई इजाज़त नहीं देता। इस्लाम के नाम पर हिंसा फैलाना न केवल धार्मिक अपराध है, बल्कि राष्ट्रविरोधी भी है। जो ऐसा करते हैं, वे राष्ट्र विरोधी भी हैं और इस्लाम के गुनाहगार भी।
उन्होंने कहा कि इस हमले को अंजाम देते हुए इस्लाम का नाम लिया गया, इसलिए यह हमला केवल इंसानों पर नहीं, बल्कि स्वयं इस्लाम की शिक्षाओं पर भी हमला है। उन्होंने आतंकियों को एक बार कुरान समझ कर पढ़ने की सलाह दी, ताकि उन्हें इस्लाम का ज्ञान हो सके।

### साइबर क्राइम के विरूद्ध विद्यार्थियों को जागरूक किया

पानीपत। पीसीसी एकेडमी में साइबर क्राइम पर सेमिनार हुआ। वहीं मुख्य वक्ता के रूप में महिला थाना की प्रभारी रेखा कुमारी ने विद्यार्थियों को साइबर क्राइम की विस्तार से जानकारी देते हुए इससे बचाव कैसे किया जाए इसके प्रति भी जागरूक करते हुए कहा कि आज के जमाने में मोबाइल फोन जरूरी है, वहीं विद्यार्थियों को मोबाइल फोन का जरूरत के अनुसार ही प्रयोग करना चाहिए। अनजान लोगों की कॉल ना उठा। उन्होंने विद्यार्थियों को साइबर क्राइम के सभी तरीकों की विस्तार से जानकारी देकर इससे बचाव को जागरूक किया। पीसीसी एकेडमी के निदेशक राजीव परुथी ने कहा लड़कियों को सोशल मीडिया पर अपनी निजी फोटो अपलोड नहीं करनी चाहिए। सोशल मीडिया पर जितना रिर्जव रहोगे उतना ही सुरक्षित रहोगे। इस अवसर पर शिल्प परूथी, गरिमा लक्ष्मी दीपक मदान निखिल पलक अंजलि विनय दिव्यांशु आदि मौजूद रहे



पीसीसी एकेडमी की निदेशक शिल्पा परूथी, पुलिस अधिकारियों का स्वागत करते हुए।

### गांव कैथ के राजकीय स्कूल से सामान चोरी

**पानीपत।** पानीपत के गांव कैथ के राजकीय प्राइमरी स्कूल से चोरों ने चार बड़े पतीले, एक गैस चूल्हा, कर ले गए। स्कूल की हैड मास्टर की शिकायत पर थाना मतलौडा पुलिस ने अज्ञात चोरों पर चोरी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जबकि हैड मास्टर ने इस घटना की लिखित जानकारी शिक्षा विभाग को दे दी है।

### गांव मतलौडा से स्कूटी चोरी, मामला दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के गांव मतलौडा निवासी राजकली पत्नी राम रूप की एक्टिवा स्कूटी अज्ञात लोगों ने चोरी कर ली। वहीं राजकली की शिकायत पर थाना मतलौडा पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ वाहन चोरी के आरोप में केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। जबकि बीटी कर जिला भर में चोरी हुई स्कूटी का नंबर देकर सर्तक किया है।

### बाजारी भोजन और फास्ट फूड का सेवन ना करें

पानीप। डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में रेड कलर डे प्रतियोगिता हुई। वहीं, नन्हें मुन्ने बच्चे टमाटर, गाजर,तितली, तरबूज, लाल पतंग एवं स्ट्रॉबेरी आदि का स्वरूप बन कर कार्यक्रम में पहुंचे। स्कूल की टीचर्स ने बच्चों को सब्जियों के खाने का महत्व बताया और कहा कि बाजारी भोजन व फास्ट फूड का सेवन ना करें।

---

**लोकमाता अहिल्याबाई समर्थ किशोरी विकास केन्द्र का शुभारंभ**

# शिक्षित होकर आत्मनिर्भर बनें बेटियांः डॉ यशदेव

**किशोरियों और महिलाओं से बाल विवाह न करने और रोकने की शपथ दिलवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत की कुटानी रोड स्थित हरिओम बारात घर में लोकमाता अहिल्याबाई समर्थ किशोरी विकास केन्द्र का शुभारंभ किया गया। डॉ यशदेव त्यागी प्रांत अध्यक्ष ने सेवा भारती के कार्यों बारे में जानकारी दी और समर्थ किशोरी विकास केन्द्र शुरू करने के उद्देश्य बारे विस्तार से बताया। वहीं, जिला संरक्षण अधिकारी रजनी गुप्ता ने बताया जब तक आप अपनी सहायता नहीं करेंगे आप अपनी आवाज खुद नहीं उठाएंगे कोई संस्था कोई व्यक्ति कोई सरकार आपके लिए कुछ नहीं कर सकते आपको खुद जागृत होना होगा। आपको यदि कोई भी बाल विवाह, पारिवारिक हिंसा दिखाई देती है तो आप 112 पर सूचना देनी है। बाकी कार्य बाल सुरक्षा विभाग का है। उन्होंने सभी किशोरियों और महिलाओं से बाल विवाह न करने और रोकने की शपथ दिलवाई। रजनी गोयल सचिव सीए एसोसिएशन पानीपत ने महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति, अधिकारों के प्रति जागृत किया। इस अवसर पर मेंहदी प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को सर्टिफिकेट वितरित किए गए और उत्कृष्ट बालिकाओं का सम्मानित किया गया।



पानीपत। लोकमाता अहिल्याबाई समर्थ किशोरी विकास केन्द्र में अपने प्रमाण पत्र दिखाती हुई बेटियां। फोटो :हरिभूम

#### ये रहे मौजूद

अवसर पर अशोक अग्रवाल अध्यक्ष सेवा भारती पानीपत,सीए दीपिका सिंगला, संदीप पाल, प्रवीण रेवड़ी, सत्यप्रकाश खुराना, इंद्र मोहन गुलाटी, लीलाधर, पंडित मनीष, सूत्रधार सुरेश गांधी नगर सचिव, सुरेन्द्र चोपड़ा जिला सचिव आदि उपस्थित रहे।

### डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मनाया गया पोषण पखवाड़ा

# पारंपरिक जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के लिए जागरूक गतिविधियां आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के डीएवी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में सीबीएसई के दिशा-निर्देशों के अनुरूप अप्रैल माह को पोषण पखवाड़ा के रूप में मनाया गया। इस दौरान इको क्लब फॉर मिशन लाइफ एवं साइंस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में पोषण, स्वच्छता तथा पारंपरिक जीवनशैली को प्रोत्साहित करने हेतु विविध जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों के मध्य स्वास्थ्य के प्रति सजगता उत्पन्न करना रहा। कक्षा 3 और 4 के विद्यार्थियों हेतु हैंडवॉश गतिविधि का आयोजन किया गया जिसमें कर्मवीर एवं रोहित द्वारा हाथ धोने की सही विधि का प्रदर्शन किया गया। यह गतिविधि जूनियर प्रातःकालीन सभा में आयोजित की गई जिसमें लगभग 250 विद्यार्थी व 40 शिक्षक शामिल हुए।



अंबाला। पोषण पखवाड़ा के तहत आयोजित गतिविधि में हिस्सा लेते छात्र। फोटो : हरिभूमि

कक्षा 9 के विद्यार्थियों द्वारा श्रीमती भावना सैनी के मार्गदर्शन में मिलेट्स (श्री अन्ना) विषय पर पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसी दिन कक्षा 8 के विद्यार्थियों ने श्रीमती अंजू डोगरा के निर्देशन में "पोषण का महत्व" विषय पर नारे लेखन प्रतियोगिता में भाग लेकर जागरूकता का संदेश दिया।

### पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए

# सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डाली तो होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने तमाम पुलिस अधिकारियों की आपात मीटिंग बुलाकर जरुरी दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने पहलगाम आतंकी घटना के मद्देनजर आमजन से कानून व्यवस्था व सममाजिक सौहार्द कायम करने की अपील की है। साथ ही सोशल मीडिया पर भडकाऊ पोस्ट डालने वालों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई के भी निर्देश दिए। एसपी ने सभी पुलिस ऑफिसर्स , पर्यवेक्षण अधिकारियों, प्रबंधक थाना व चौकी, निरीक्षक सीआईए, एंटी नारकोटिक सैल, शाखा प्रभारी कार्यालय के जवानों


अंबाला। मीटिंग के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते एसपी अजीत सिंह।

को निर्देश दिए कि वह अपना कार्य मेहनत, लगन, सच्चीनिष्ठा और ईमानदारी व निष्पक्षता से करते हुए अपने कर्तव्य का निर्वहन करें। एसपी ने सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों, प्रबंधक थाना व चौकी , यूनिट इंचार्ज व सभी अनुसंधान अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि फरियादी की शिकायत पर जल्द से जल्द जांच कर कार्रवाई की जाए। पर्यवेक्षण अधिकारियों को आदेश देते हुए कहा कि लंबित शिकायतों पर वह खुद संज्ञान लें। अपराधों की रोकथाम हेतू आदेश देते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा नाका बंदी करके नाकों पर आवारा, आपराधिक किस्म के व्यक्तियों को काबू करें। चेकिंग अभियान चलाकर नशा तस्करी, आपराधिक गतिविधियों, शराब तस्करी व सार्वजनिक स्थान पर शराब पीन वालों के खिलाफ ठोस कार्रवाई अमल में लाई जाए। प्रबंधक थाना को आदेश दिए कि अपने-अपने क्षेत्र में दबंग लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कानूनी कार्र्रवाई करें ताकि आमजन निर्भीक हो व आपराधिक किस्म के व्यक्तियों में भय पैदा हो। पुलिस अधीक्षक ने पहलगाम आतंकी घटना के मद्देनजर आमजन से कानून व्यवस्था व सामाजिक सौहार्द कायम करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की भडकाऊ पोस्ट को अपने मोबाइल से शेयर न करें जिससे आमजन में डर का माहोल पैदा हो। सोशल मीडिया पर भडकाऊ पोस्ट डालने वालों के खिलाफ सभी प्रबंधक थाना को तुरंत कार्रवाई करने के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने कहा के आमजन को न्याय दिलाना व बेहतर माहौल देना उनकी प्राथमिकता है।

## खबर संक्षेप

### सीएम व उनकी पत्नी का जताया आभार

**नारायणगढ़।** गुरुद्वारा रातगढ़ साहिब की प्रबंधक कमेटी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व उनकी धर्मपत्नी एवं हरियाणा बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी का आभार जताया है। सीएम व उनकी पत्नी ने गुरुद्वारा रातगढ़ साहिब की धर्मशाला के लिए 11 लाख रूपये दिए थे। सरदार कुलदीप सिंह दीप्पी ने बताया कि इससे पहले भी लगभग 42 लाख रूपये गुरुद्वारा साहिब की बिल्डिंग के लिए मुख्यमंत्री जी दे चुके हैं। इस अवसर पर सचिव गुरजंट सिंह, कुलदीप सिंह, भगत सिंह, लाल सिंह, हरजिंद्र सिंह, हरिन्द्र सिंह, जग्गी सिंह, पृथ्वी सिंह, जसपाल सिंह गुरमीत सिंह, बलविंद्र सिंह मौजूद रहे।

### छात्राओं का शैक्षणिक और व्यक्तिगत विकास जरूरी

**शहजादपुर।** राजकीय महिला महाविद्यालय, शहजादपुर में प्राचार्य डॉ. उमेश भारती की अध्यक्षता में मेंटर-मेंटी मीटिंग और अभिभावक-शिक्षक बैठक का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं के शैक्षणिक और व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देना तथा अभिभावकों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करना था। मीटिंग में छात्राओं और उनके मेंटर्स के बीच सकारात्मक संवाद हुआ। प्राचार्य डॉ. उमेश भारती ने छात्राओं को उनके करियर लक्ष्यों और चुनौतियों पर चर्चा करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### गेहूं के उठान में नहीं होनी चाहिए देरी



**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि जिले में 15 मंडियों व खरीद केंद्रों पर सरकारी व अन्य एजेंसियों द्वारा अब तक 230079.3 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद पूरी हो गई है। अब तक 45991 किसान गेहूं लेकर मंडियों में आ चुके हैं। एजेंसियों द्वारा गत दिवस तक 65.5 प्रतिशत के साथ 160069 मीट्रिक टन गेहूं के उठान कार्य को पूरा कर लिया हैं। उपायुक्त एजेंसियों के अधिकारियों को गेहूं उठान कार्य में तेजी लाने के आदेश देते हुए कहा कि गेहूं खरीदने के बाद लिफ्टिंग के कार्य में देरी नहीं होनी चाहिए।

### लोकमाता अहिल्याबाई की मनाई गई जयंती

**बराड़ा।** डीएवी पब्लिक स्कूल में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में प्रश्नोत्तरी एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के 10 प्रतिष्ठित विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रतिभागी विद्यालयों में एमएम इंटरनेशनल स्कूल मुलाना, मेवरिक इंटरनेशनल स्कूल मुलाना, शैमफर्ड स्कूल , अकाल एकेडमी होली, संत प्रेम सिंह स्कूल उगाला, डिवाइन ग्लोरी स्कूल धनौरा, डीएवी पब्लिक स्कूल , लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल उगाला तथा आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल नारा देहरा के विद्यार्थी शामिल रहे। बच्चों ने बेहद उत्साह के साथ भाग लेते हुए अहिल्याबाई के जीवन से जुड़े प्रेरणादायक प्रसंग प्रस्तुत किए तथा प्रश्नोत्तर के माध्यम से उनकी महानता से सबको अवगत कराया।

### नपा अध्यक्ष ने अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

# सदर नप 32 वार्डों में लगाएगी 1300 लाइटें, हर सदस्य को मिलेंगी 40 लाइटें

- लाइटों का बेहतर तरीके से रखरखाव किया जाएगा
- वार्ड सदस्य को इसकी लिखित में जानकारी देनी होगी कि स्ट्रीट लाइटों को कौन सी जगह पर लगाया
- स्ट्रीट लाइट लगाने के बाद मौके की फोटो भी संबंधित कर्मचारी नप अध्यक्ष को भेजेंगे, जिससे लोगों की परेशानी दूर हो सके



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नगर परिषद की ओर से सभी 32 वार्डों में नई स्ट्रीट लाइटें लगाने की योजना तैयार हो गई है। नपा की ओर से सभी वार्डों में 1300 स्ट्रीट लाइटें उपलब्ध कराई जाएंगी। नपा अध्यक्ष स्वर्ण कौर ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि इसके तहत विभाग को जल्द से जल्द वर्क ऑर्डर जारी करने के लिए कहा है। नगर परिषद अध्यक्ष की ओर से तैयार की योजना के प्राथमिक चरण में प्रत्येक वार्ड सदस्य को 40 स्ट्रीट लाइटें दी जाएंगी। वार्ड सदस्य को इसकी लिखित में जानकारी देनी होगी कि स्ट्रीट लाइटों को कौन सी जगह पर लगाया जाएगा। स्ट्रीट लाइटों के लगाने से पहले मौके के हालात देखे जाएंगे, जिससे कि ऐसा न हो कि एक ही गली में 10 से 15 लाइटें लग जाएं। वहीं स्ट्रीट लाइट लगाने के बाद मौके की फोटो भी संबंधित कर्मचारी नप अध्यक्ष को भेजेंगे, जिससे कि स्थानीय निवासियों की परेशानी दूर हो सके।

### वार्ड स्तर पर मिल रही शिकायतें

नप के अधीन 32 वार्डों में लगभग 25 हजार स्ट्रीट लाइटें लगी हुई हैं। इनमें से आधी स्ट्रीट लाइटों का रख-रखाव नगर परिषद की निर्धारित टीम की ओर से किया जा रहा है और आधी निजी कंपनी की टीम की ओर से। बावजूद इसके अभी भी वार्डों में कुछ गलियां और मोहल्ले ऐसे हैं, जहां स्ट्रीट लाइटों की बेहद आवश्यकता है। रात के समय अंधेरा पसरने के कारण चोरी का डर बना रहता है। इस संबंध में पूर्व में भी कई शिकायतें नगर परिषद के पास आई थीं, लेकिन नई स्ट्रीट लाइट न होने के कारण लोगों की परेशानी का समाधान नहीं हो पाया। अंबाला छावनी क्षेत्र में लगी सभी लाइटों की निगरानी करने के लिए नगर परिषद के कार्यालय में एक केंद्रीकृत सेंटर बनाने की योजना है। इस योजना के तहत स्ट्रीट लाइटों में एक विशेष प्रकार की चिप लगाई जाएगी जोकि कंप्यूटर आधारित जानकारी देने में सक्षम होगी। इसके अलावा अगर कोई व्यक्ति स्ट्रीट लाइट के साथ किसी प्रकार की छेड़छाड़ करता है तो उसकी जानकारी तुरंत नप की अभियांत्रिकी टीम तक पहुंच जाएगी। नपा अध्यक्ष स्वर्ण कौर ने बताया कि वार्ड स्तर पर नई स्ट्रीट लाइटों को लगाने का खाका तैयार किया है। प्राथमिक चरण में लगभग 40 स्ट्रीट लाइटें प्रत्येक वार्ड में लगाई जाएंगी। अभियांत्रिकी विभाग को वर्क ऑर्डर जारी करने के निर्देश दे दिए गए हैं।

### श्री कृष्ण कृपा धाम मंदिर का धूमधाम से मनाया गया वार्षिक उत्सव

# प्राण प्रतिष्ठा के बाद मूर्ति हो जाती है देव तुल्यः महामंडलेश्वर ज्ञानानंद

- श्रीकृष्ण कृपा धाम में इसी दिन युगल सरकार पधारे थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

श्री कृष्ण कृपा धाम मंदिर सेक्टर-8 अंबाला शहर का वार्षिक उत्सव बडी धूमधाम व श्रद्धा पूर्वक महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज की अध्यक्षता में मनाया गया। दिल्ली से पधारे नितिन कथूरिया संगीत सम्राट द्वारा गाए भजनों ने श्रोताओं का मन मोह लिया। इस अवसर पर सतंसग करते हुए गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि तिथि अनुसार श्रीकृष्ण कृपा धाम में इसी दिन युगल सरकार पधारे थे। उन्होंने कहा कि अपनी सनातम परमपराओं में मूर्ति तब तक ही होती है जब तक प्राण प्रतिष्ठा नहीं हो जाती ,जब प्राण प्रतिष्ठा हो जाती है तब वो मूर्ति नहीं रह जाती वे हमारे लिए साक्षात भगवान होते है। उन्होंने कहा कि ये भाव आस्था की बात है जिनको आस्था ही नहीं है,उनको नहीं मानना और वे नहीं मानते क्योंकि बुद्धि ही ऐसी है। यदि भगवान सामने खड़े हो फिर भी वो नहीं मानते। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि


अंबाला। कार्यक्रम के दौरान भगवान कृष्ण की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते स्वामी ज्ञानानंद महाराज व अन्य तथा मौजूद लोग। फोटो : हरिभूमि



कुछ लोग ऐसे ही होते है कि ये तो भाव की आंखे जिन के पास है उनको ही दर्शन देते हैं। इस अवसर पर श्री कृष्ण कृपा सेवा समिती व समाज के प्रबुद्ध लोगों अशोक चावला,हरेंद्र गुलाटी,हैप्पी चावला, जगंदीश सचदेवा, सतीष चावला,भारत भुषण बत्रा,राजू चावला ,दिनेश गोवर ,केवल चावला, मनमोहन कपूर,रविंद्र चोपडा, मेयर शैलजा सचदेवा, संदीप सचदेवा, जगमोहन लाल कुमार, दर्शन कुमार एसडीएम, साजन गुप्ता, विनय बक्शी, मनोहर लाल सचदेवा ने स्वामी जी का अभिनंदन करके उनसे आशीर्वाद लिया।



### व्यवहारिक ज्ञान की आवश्यकता पर विस्तार से डाला गया प्रकाश

**बराड़ा।** संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में समर इंटर्नशिप प्रोग्राम के अंतर्गत एक विशेष एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समन्वयन कॉमर्स विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रितु चांदना द्वारा किया गया। नई शिक्षा नीति के अनुरूप आयोजित इस व्याख्यान का उद्देश्य छात्राओं को अनुभव-आधारित शिक्षा तथा कौशल विकास की ओर प्रेरित करना था। इस अवसर पर मुख्य वक्ता विश्व दीप ने छात्राओं से संवाद करते हुए इंटर्नशिप के महत्व, करियर विकास में उसकी भूमिका तथा नई शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में व्यवहारिक ज्ञान की आवश्यकता पर विस्तृत प्रकाश डाला। कॉलेज प्राचार्या डॉ. इंदु विज ने कहा कि इंटर्नशिप छात्रों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि ये उन्हें वास्तविक दुनिया का अनुभव प्रदान करती हैं, नए कौशल सीखने का अवसर देती हैं तथा उद्योग जगत के पेशेवरों के साथ नेटवर्क स्थापित करने में मदद करती हैं।


अंबाला। भव्य चौकी का पोस्टर जारी करते पदाधिकारी।

### बाल योगी श्री सिद्ध बाबा बालक नाथ की विशाल चौकी का आयोजन आज

**अंबाला।** अंबाला शहर के बाल योगी श्री सिद्ध बाबा बालक नाथ ट्रस्ट के तत्वाधान में बाल योगी श्री सिद्ध बाबा बालक नाथ की विशाल चौकी का आयोजन 27 अप्रैल 2025 को साय: 6:30 बजे श्री राधा कृष्ण खाटू श्याम मंदिर के प्रांगण में किया जाएगा। संस्था के संस्थापक पवन अग्रवाल ने बताया कि इस चौकी में श्री श्री 1008 महंत राजेंद्र गिरी जी महाराज (गुफा देयोट सिद्ध ) से विशेष रूप से भक्तों को आशीर्वाद देने के लिए आ रहे हैं। संस्था के प्रधान संजीव जैन ने बताया कि गौतम जालंधरी (जालंधर वाले) बाबा बालक नाथ के बड़े सुंदर सुंदर भजन सुनाएंगे। इस कार्यक्रम में पूर्व मंत्री असीम गोयल मुख्यअतिथि होंगे। संस्था के महासचिव रोहित गर्ग ने बताया कि इस बाबा बालक नाथ की चौकी में श्री खाटू श्याम जी का भी बड़ा भव्य दरबार लगाया जाएगा। उसमें भजनों की हाजिरी कपिल अग्रवाल और रोहित अग्रवाल (अंबाला ) सुंदर भजनों से बाबा श्याम को रिझाएंगे। संकीर्तन संयोजक नितेश सिंगला, स्वपन जैन, गुरविंदर सिंह और अन्य सदस्य गण इस कार्यक्रम की रूपरेखा संभालेंगे।

### गवर्नमेंट कॉलेज में हुआ पूर्व छात्र मिलन समारोह

# पूर्व विद्यार्थियों ने की अपनी यादें ताजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

छावनी के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में आज पूर्व छात्र मिलन समारोह एलुमनाई मीट का आयोजन किया गया। इस मौके पर कॉलेज के पूर्व छात्रों ने आपस में मिलकर अपने समय की यादें ताजा की। समारोह का शुभारंभ प्रिंसिपल डॉ देसराज बाजवा ने दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में कई पूर्व प्रोफेसर ने भी अपने अनुभव साझा किए। छात्रों को संबोधित करते हुए प्रिंसिपल डॉ. देसराज बाजवा ने कहा कि पूर्व छात्रों का एक बार फिर अपने कॉलेज कैंपस में इकठ्ठा होना बहुत ही सुखद अनुभव होता है। उन्होंने कहा कि अपने पूर्व छात्रों को एक सफल व्यक्ति के तौर पर देखना किसी भी शिक्षक के लिए सफलता का पैमाना है। उन्होंने छात्रों को जीवन में सफलता हासिल करने का आशीर्वाद भी दिया। एल्यूमनाई एसोसिएशन के कन्वीनर डॉ. रविकांत ने बताया कि समारोह में कुल 92 पूर्व छात्रों ने भाग लिया। इस।मौके पर छात्र लेक्चरर धर्मवीर सिंह,मस्तान सिंह,कृपाल सिंह,सुधीर, डॉ. रजनी, स्कूल प्रिंसिपल डॉ कल्पना, मीडियाकर्मी कुलविंदर, हरप्रीत,नीरज,मनीष



अंबाला। कॉलेज प्राचार्य डॉ. देशराज बाजवा का अभिनंदन करते पूर्व छात्र। फोटो : हरिभूमि

कुमार,मैनेजर टोनी कुमार ने अपने अनुभव छात्रों को बताए। पूर्व छात्र धर्मवीर सिंह ने एलुमनाई एसोसिएशन को 11 हजार रुपए का सहयोग भी दिया। समारोह को पूर्व प्रोफेसर डॉ. प्रकाश, डॉ. गुरदेव सिंह, डॉ. सुरेश देसवाल, डॉ. सुल्तान ढुल, डॉ. आरके शर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मंच संचालन प्रो गुरविंदर व डॉ रोहिणी ने किया।

**कार्यक्रम** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विवि की ओर से नपा अध्यक्ष के साथ सदस्यों को किया गया सम्मानित

**कभी भी कड़वे वचन मुख से ना निकालें**

# हमारे विचार, भावनाएं, वृत्ति और स्मृति में एकता होना जरूरी: ब्रह्माकुमारी शैली दीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी के दयालबाग स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा ल भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें अंबाला छावनी के नगर परिषद के अध्यक्ष एवं सदस्य का अभिनंदन किया गया। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शैली दीदी ने दिल और दिमाग़ दोनों एक ही रास्ते पर चले उसकी रीति बताते हुए कहा कि हमारे मन में एक टीम होती है। थॉटस, इमोशंस, एटीट्यूड, एंड मेमोरीज की। साधारण शब्दों में हम इसको कहे तो हमारे मन में कई बार दिल और दिमाग़ की लड़ाई चलती है। दिल कुछ और कहता है मन कुछ और कहता है। हमारे विचार, भावनाएं, वृत्ति और स्मृति इन चारों टीम वर्क की एकता बहुत ज़रूरी है,


अंबाला। सम्मानित किए गए नपा सदस्य व अध्यक्ष।

जिससे ही परिवार में एकता लाना, समाज में एकता लाना, जिस भी संस्था या जिस पार्टी के साथ हम जुड़े हुए है और जो हम राष्ट्रीय एकता की बात करते है उसको अचीव करना ईज़ी हो जाएगा। बाहर के दिखावे की एकता नहीं बल्कि अंदर की एकता लाना ज़रूरी है। हमें स्वयं को सद्गुणों के रंगों से रंगना ज़रूरी है। भगवान ने जो मुझमें विशेषताएं भरकर भेजी है उसका मुझे उपयोग करना है। कमियां तो बाहर से लगे हुए दाग है। मेडिटेशन के दूसरे स्टेप में हम स्वयं को गॉड से कनेक्ट करते है और उनकी पवित्र पॉजिटिव एनर्जी स्वयं में भरते जाते है। मेडिटेशन का तीसरा स्टेप है स्प्रेड दी पॉजिटिविटी अर्थात परमात्मा से प्राप्त सकारात्मकता को हम अपनी अपनी फ़ील्ड या जिस क्षेत्र में हम अपनी सेवा दे रहे है। उन्होंने ब्रह्माकुमारीज़ संस्था के पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणि के कथन बताते हुए कहा कि दादी कहते थे हार्मनी बनानी है तो हार मान लो अर्थात चुप हो जाओ किसी भी बहस में चुप हो जाओ। अहम को भूलकर हमें एक दूसरे के साथ मिलकर चलना होगा। मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष स्वर्ण कौर ने कहा कि यहां के सकारात्मक माहौल में हम सब सदस्य यहां से यह प्रण करकर जाएंगे कि हम सभी सत्य की राह पर चलते हुए अपना कार्य ईमानदारी से करेंगे। ब्रह्माकुमारीज अंबाला सब ज़ोन डायरेक्टर राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने सबको आशीर्वचन देते हुए कहा कि सब कार्य करते हुए हमें अपने दिमाग़ को शीतल रखना है। उसके साथ साथ हम अपनी ज़ुबान को मीठा बनाए। कभी भी कड़वे वचन मेरे मुख से ना निकले दिल में सर्व आत्माओं के प्रति स्नेह हो प्यार हो लव हो दिल का स्नेह हो। जयपुर से पधारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी हेमा दीदी ने ब्रह्माकुमारी संस्था का परिचय देते हुए संस्था द्वारा देश-विदेश में की जा रही सेवाओं के बारे में सार रूप में सबको बताया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष ललता प्रसाद, नपा सदस्य श्याम सुंदर अरोड़ा, शिवा काकरान, नीलम कश्यप, मोहित कौशिक, संजीव अत्री, सोमनाथ, रितु शर्मा, हरमिंदर सिंह, सुधीर जायसवाल, डॉ. शशि, निधि गर्ग, महेश को भी सम्मानित किया गया।



### अंतर-सदनीय नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में चरक सदन ने मारी बाजी

**बराड़ा।** शैमफॉर्ड स्कूल में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु अंतर-सदनीय नुक्कड़ नाटक व वॉलीबॉल प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित 'अंतर-सदनीय नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता' में चरक सदन (शैम गोल्ड) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सुश्रुत सदन (शैम रेड) ने द्वितीय स्थान हासिल किया। आर्यभट्ट और पाणिनि सदन ने बराबरी का प्रदर्शन कर प्रतियोगिता में रोमांच भर दिया। नाटक का विषय 'पर्यावरण संरक्षण' था। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका अध्यापिकाओं अर्शदीप कौर और मोनिका सैनी ने निभाई।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

विशेष

अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस

29 अप्रैल

# पैरों की लय पर थिरकता

# स्वस्थ-आनंदमयी जीवन

वैसे तो अन्य कलाओं की तरह नृत्य भी कला का एक रूप है। लेकिन यह एक ऐसी कला है, जो ना केवल हमारे शरीर को स्वस्थ रखती है, मन को भी प्रसन्नता से भर देती है। कई ऐसे नर्तक-नृत्यांगनाएं हैं, जो वृद्धावस्था में भी पूरी ऊर्जा और उमंग के साथ थिरकते हैं, आंतरिक आनंद की लय के साथ जीवन जी रहे हैं। नृत्य के बहुआयामी लाभों के बारे में हमें जरूर जानना चाहिए।



कवर स्टोरी

रेणु खंतवाल

पिछले साल जब 90 वर्ष की आयु में जानी-मानी अभिनेत्री और भरतनाट्यम नृत्यांगना वैजयंती माला ने अयोध्या आकर नवनिर्मित राम मंदिर में आयोजित भव्य कार्यक्रम में रामलला के समक्ष अपनी नृत्य प्रस्तुति दी तो लोग इस उम्र में उनके नृत्य, समर्पण और श्रद्धा देख कर सुखद आश्चर्य से भर उठे। लोग हैरान थे कि इस आयु में जहां इंसान बिना सहारा लिए ठीक से चल नहीं सकता, वहीं वैजयंती माला प्रभु श्रीराम के समक्ष नृत्य प्रस्तुत कर रही हैं। चर्चा उनकी शारीरिक, मानसिक फिटनेस और नृत्य की शक्ति की भी खूब हुई। नृत्य की इस शक्ति को लाखों-करोड़ों लोगों ने अपनी आंखों से देखा।

## शरीर रहता है फिट-एनर्जेटिक

वैजयंती माला ही नहीं इस समय देश की कई प्रसिद्ध नृत्यांगनाएं ऐसी हैं, जो सात से ज्यादा दशक पार कर चुकी हैं लेकिन नियमित रूप से अपनी नृत्य प्रस्तुतियां दे रही हैं। इनमें उमा शर्मा और सोनल मान सिंह प्रमुख रूप से शामिल हैं। शोवना नारायण भी उम्र के 75वें पड़ाव पर हैं, लगातार नृत्य प्रस्तुतियां दे रही हैं। जब वे मंच पर नृत्य करती हैं तो ध्यान उनकी आयु की तरफ जाता ही नहीं। उनके नृत्य की लय, गति और परिक्रमा करने की फुर्ती में, युवाओं से कहीं कोई अंतर नहीं दिखता। इससे ही समझ सकते हैं कि नृत्य ने इन नृत्यांगनाओं को कितना फिट और एनर्जेटिक बना रखा है कि उम्र की थकान या धीमी पड़ती रफ्तार इनके आस-पास भी ठहर नहीं पाती। ये सभी लगभग रोज नृत्य करती हैं और अपने शिष्यों को भी सिखाती हैं।

एक बार अभिनेत्री-नृत्यांगना हेमा मालिनी ने भी मेरे साथ हुई बातचीत में बताया था, 'नृत्य मेरे जीवन का अभिन्न अंग है। मैं रोज नृत्य और योगाभ्यास करती हूं और यही मेरी फिटनेस का राज है। इससे मेरी बॉडी इतनी लचीली हो गई है कि आराम से आवश्यकतानुसार मोड़ सकती हूं। इसकी वजह से मैं शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहती हूं और अपने सभी कार्य अच्छी तरह से कर पाती हूं।'

## होते हैं ये भी फायदे

वास्तव में नृत्य से इंसान को क्या-क्या फायदे होते हैं, इसकी लिस्ट बहुत लंबी है। नृत्य का संबंध जीवन के हर पहलू से जुड़ा होता है। समाज, देश, संस्कृति, जीवनशैली, रीति-रिवाज और पर्व-त्योहारों से भी नृत्य का कोई ना कोई रूप जुड़ा है। नृत्य से अनेक शारीरिक-मानसिक लाभ मिलते हैं। नृत्य से होने वाले शारीरिक फायदों के बारे में भरतनाट्यम नृत्यांगना सिंधु मिश्रा कहती हैं, 'नृत्य आनंद, मान प्रतिष्ठा के साथ-साथ शारीरिक बल और स्टेमिना बढ़ाता है। नृत्य से पूर्व के जो अभ्यास होते हैं, वे बॉडी को इस तरह टोन करते हैं कि शरीर बहुत मजबूत हो जाता है, खासतौर पर पैर, कंधे और बांहें।' सिंधु मिश्रा का यह कथन इस बात से प्रमाणित होता है कि आपको प्रायः सभी डांसर स्वस्थ ही मिलेंगे। आमतौर पर कभी किसी डांसर को यह कहते नहीं सुना जाता कि उसे फ्रोजन शोल्डर की दिक्कत है। कमर या घुटने दर्द कर रहे हैं। इस तरह नृत्य करने से स्वास्थ्य संबंधी अनेक फायदे होते हैं। इसीलिए डांस को एक थेरेपी की तरह भी यूज किया जाता है। इस बारे में युवा कथक नृत्यांगना पंखुड़ी श्रीवास्तव बताती हैं, 'जब मैं कथक केंद्र में कथक का प्रशिक्षण ले रही थी, तब हमारे गुरु पंडित कृष्ण मोहन महाराज जी ने हमें कहा था कि सुबह चार बजे उठ कर तीन-चार घंटे नृत्य का अभ्यास करके दिन की शुरुआत किया करो। इससे तन-मन हमेशा स्वस्थ रहेंगे। तब से यह नियम मेरे जीवन में अनुशासन के साथ सम्मिलित है।'



## कैसे काम करती है डांस थेरेपी

आध्यात्मिक मनोचिकित्सक और रेकी ग्रैंडमास्टर दिलना राजेश कहती हैं, 'अकसर लोग मंच पर, शादी-ब्याह, पार्टी, समारोह में समूह में तो नाचते हैं। लेकिन मैं लोगों से पूछती हूं कि आप आखिरी बार अकेले में कब नाचे थे? जहां बस आप अकेले ही नाच रहे थे? एक खुली किताब की तरह अपनी भावनाओं में मस्त, मगन होकर उस आनंद को महसूस कर रहे थे, जो आपको एक अलग ही अनुभूति के संसार में ले जा रहा था? इसका जवाब अधिकांश लोग नकारात्मक ही देते हैं। उन्हें लगता है अकेले में कैसे नाच सकते हैं? दरअसल, इस बात को कम लोग ही जानते, महसूस करते हैं कि नृत्य हमें खुद से मिलाने का एक चमत्कारी रास्ता है। आज की भाग-दौड़ भरी जिंदगी में हम अकसर अपनी भावनाओं को दबाते चले जाते हैं। घर-ऑफिस का तनाव हमें जकड़े रखता है। ऐसे में नृत्य, जिंदगी में वह खूबसूरत स्थान बनाता है, जहां हम सुरक्षित तरीके से आत्म-उपचार करते हैं। अपनी उस जकड़न से बाहर निकलते हैं। आधुनिक न्यूरोसाइंस कहता है- ट्रॉमा केवल दिमाग में नहीं, शरीर में भी रहता है। जबड़े की जकड़न से लेकर जांघों की स्टिफनेस आपके भीतर छिपे दर्द की गवाह है। लेकिन हम उसे समझ नहीं पाते। ऐसे में नृत्य उस बंद दरवाजे की चाबी की तरह धीरे-धीरे उसे खोलता है। जैसे-जैसे हमारा शरीर नृत्य शुरू करता है, हम एक लय और गति में थिरकने लगते हैं। हमारा शरीर एंडोर्फिन हार्मोन रिलीज करता है।

इससे नर्वस सिस्टम रिलैक्स होता है। शरीर शांति महसूस करता है। जो लोग भावनात्मक अवसाद और शारीरिक आघात से गुजर रहे हैं, उनके लिए भी नृत्य एक हीलिंग प्रक्रिया है। जब आप नृत्य के माध्यम से आनंद की अनुभूति करते हैं तो मन-मस्तिष्क में सकारात्मक बदलाव और आनंद महसूस करते हैं, यही डांस थेरेपी है। नृत्य केवल अच्छा महसूस नहीं करवाता बल्कि बायोलॉजिकल रूप से उपचार करता है।' दिलना राजेश आगे बताती हैं, 'मैं कई सालों से ऐसे लोगों से मिलती रही हूं, जो दुख, चिंता, अकेलापन और आत्म-अस्वीकृति से जूझ रहे थे। लेकिन नृत्य के माध्यम से उन्होंने अपनी खोई हुई शक्ति, सहजता, अपनी लय, जीवन की गति और खुद को वापस पाया।'

इस तरह देखें तो नृत्य तन-मन को स्वस्थ रखने वाली, उमंगित करने वाली, ऊर्जा से भरने वाली कला है। आइए हम भी अपने जीवन में नृत्य को सम्मिलित करें। *

### नृत्य से मिलती है सबसे ज्यादा खुशी

**रानी खानम, कथक नृत्यांगना**



**मुझे सबसे** ज्यादा खुशी नृत्य करने से ही मिलती है। नृत्य से ही सबसे पहले मैंने खुद को पाया। मेरा खुद को देखने का नजरिया बदला। नृत्य के माध्यम से मैं हर वो बात कहती हूं, जो कहना चाहती हूं। नृत्य मेरी अभिव्यक्ति का माध्यम है। नृत्य ने सामाजिक दृष्टि से मुझे बहुत सम्मान-प्यार दिया। मैं मुस्लिम परिवार से हूं तो देश की गंगा-जमुनी तहजीब को मैंने अपने जीवन में उतारा। नृत्य के माध्यम से भारतीय संस्कृति से जुड़ी पौराणिक कथाओं को जाना। भारतीय परंपरा से जुड़े ज्ञान को समझा। नृत्य के बिना शायद मैं जीवित नहीं रह पाऊंगी। खुद नृत्य करने के साथ ही मैं सामान्य और स्पेशल दोनों तरह के बच्चों को नृत्य सिखाती भी हूं। स्पेशल बच्चों को बचपन से ही अपने आस-पास ऐसा माहौल मिलता है कि वे सहज महसूस नहीं करते। अपनी इच्छाओं को खुलकर अभिव्यक्त नहीं कर पाते। ऐसे में नृत्य उन्हें शक्ति-विश्वास देता है। नृत्य डिसेबल बच्चों को खुद को अभिव्यक्त करने का अवसर देता है। जब बच्चे नृत्य कर रहे होते हैं, वो उनका दिनभर का बेस्ट समय होता है। *

### नृत्य मेरी आत्मा है

**शोवना नारायण, कथक नृत्यांगना**




**जब हम** जन्म लेते हैं तो हमारी सांस एक नियमित गति और रिद्म में चल रही होती है। बच्चे के हाथ-पैर हिल रहे होते हैं। यह मूवमेंट है। बच्चा कभी रो रहा है, कभी चुप है, यह भाव है। इस तरह हम जन्म से ही लय, ताल, गति, रिद्म और मूवमेंट यानी संगीत और नृत्य को साथ लेकर पैदा हुए हैं। मैं ढाई साल की थी तब से नृत्य कर रही हूं। नृत्य किया तो लगा कि जीवन में सब कुछ मिल गया। नृत्य मेरी आत्मा है, जिसके बिना मैं नहीं रह सकती।

मैं रोज नृत्य करती हूं। नृत्य हमें हर परिस्थिति को स्वीकार करना सिखाता है। जब आप नृत्य में एकाग्र होकर झूमते हैं, तब जीवन की सभी समस्याओं और चिंताओं से मुक्त होकर शांति महसूस करते हैं। पतंजलि ने अष्टांग योग की बात की- यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि इन सभी को हम क्लासिकल नृत्य के माध्यम से करते हैं। नृत्य हमें फिजिकल, मेंटल और स्प्रीचुअल बैंलेंस और टीमवर्क सिखाता है। जब हम नृत्य से जुड़ते हैं तो अपनी संस्कृतिक और साहित्य से भी जुड़ते हैं। *

### नृत्य मेरे लिए संपूर्ण जीवन है

**कविता द्विवेदी, ओडिसी नृत्यांगना**



**नृत्य मेरे** लिए संपूर्ण जीवन है, क्योंकि इसमें जो लय, चलन और गति है, वह हमें एक पूर्ण मानव बनाता है। जीवन यात्रा, चाहे व्यक्तिगत हो या सामाजिक, में बैंलेस, संयम बनाना सिखाता है। नृत्य के माध्यम से मैंने अपनी क्षमता, खूबियों और कमियों को जाना। नृत्य हमें अनुसाशन, धैर्य, सकारात्मक सोच, दृष्टिकोण और समर्पण सिखाता है और यही गुण जब हमारी जीवनशैली में शामिल हो जाते हैं तो हम एक अच्छे नर्तक के साथ-साथ अच्छे इंसान भी बन जाते हैं।

एक सफल नृत्य प्रस्तुति से कई चीजें जुड़ी होती हैं। कई लोगों की मेहनत होती है। इस तरह जब आप नृत्य से जुड़ते हैं तो टीमवर्क और मैनेजमेंट स्किल भी आप सीखते हैं। कलाकार कला के लिए जीता है। कुछ साल पहले मेरे पास एक महिला अपनी बच्ची को लेकर आई। उस बच्ची का ध्यान बहुत भटकता था, वह एक जगह टिकती नहीं थी। एक साल तक मैंने उसे नृत्य सिखाया और रिजल्ट बहुत अच्छा रहा। ऐसे बच्चे जो पूरी तरह से सामान्य नहीं हैं हम नृत्य के माध्यम से उन्हें मुख्यधारा के बच्चों के बीच खड़ा कर सकते हैं। *

### नृत्य मेरी सांस है

**ज्योति डी तोमर, घूमर नृत्यांगना**



**मैंने पहले** कथक सीखा, उसके बाद घूमर नृत्य। नृत्य मेरी सांस है, उसी के माध्यम से मुझे जीवन मिला। मानसिक शांति, संतुष्टि और खुशी मिलती है। नृत्य हमसे केवल समर्पण चाहता है। मुझे इससे इतना गहरा लगाव है कि शादी से पहले मैंने पति से केवल यही शर्त रखी थी कि मैं नृत्य नहीं छोड़ूंगी। जब मैं नृत्य कर रही होती हूं तो सब भूल जाती हूं। ऐसा लगता है कि किसी और ही लोक में पहुंच गई हूं। चिंता, तनाव जैसे भाव बहुत दूर चले जाते हैं। सोच सकारात्मक हो जाती है। यही वजह है कि मेंटल हेल्थ को सुधारने के लिए नृत्य जरूरी है। मैं सबसे कहती हूं कि रोज अकेले में नृत्य करें, जहां केवल आप होंगे, मन के भाव होंगे, खुशी होगी। नृत्य सकारात्मक सोच और शांति प्रदान करता है, जिससे जिंदगी को देखने और डील करने का नजरिया बदल जाता है। नृत्य करने और सीखने की कोई उम्र नहीं होती। आप कभी भी नृत्य से जुड़ सकते हैं। मेरे पास एक 73 वर्ष की महिला आईं, संकोच से बोलीं, 'मैं हमेशा से नृत्य सीखना चाहती थी लेकिन कभी मौका नहीं मिला। क्या अब सीख सकती हूं?' उन्होंने वर्कशॉप की और फिर वे इतना सुंदर नाचीं कि सब देखते रह गए। मैं डांस सीखने वालों से यही कहती हूं कि जब डांस करो तो स्वच्छंद होकर करो। अगर खुद के साथ जुड़ना है तो नाचना जरूरी है। नृत्य हमारे तनाव को कम करता है और हैप्पी हार्मोंस बनाता है। मैं तो सबसे कहती हूं आनंद से जिंदगी जीनी है तो डांस करें। स्वांतः सुखाय नियमित नृत्य करें। *



कविता / पुरुषोत्तम व्यास

## हंसना भी भूल गए

अब तो हंसना भी भूल गए
बात करना भूल गए।
मुख पर ओढ़े धीर-गंभीर भाव
मालूम नहीं कौन-से
बोझ से दबे और लदे
शुभकामना देना भूल गए।
हंसने से पहले सोचा करते
आदमी को तोला करते
छीन न ले कुछ हमसे
छोटी-छोटी बातों से डरे-सहमे
प्रतिष्ठा के मोह में खोए-से
दूसरे को देखना भूल गए।
जीना ही जैसे भूल गए
अब तो हंसना भी भूल गए।

कहानी

दीप्ति श्रीवास्तव

## वक्त का तकाजा

रिटायरमेंट के बाद एक पॉश कॉलोनी में बराड़ साहब ने बहुत ही आलीशान मकान बनवाया था। लोगों से इसकी तारीफ करते नहीं थकते। लेकिन कुछ दिन बाद ही उन्हें लगा कंक्रीट की यह बिल्डिंग, प्रकृति के सुख से दूर है, परेशानियां ही परेशानियां हैं। प्रकृति से दूर होते इंसान की व्यथा-कथा।



बड़े खुश थे बराड़ साहब। उन्होंने एक पॉश कॉलोनी में बड़े शौक से मकान बनवाया था। उसके इंटीरियर में लाखों रुपए खर्च किए। जो भी आता, घूम-घूम कर घर को दिखाते और बोलते-देखिए, बस्तर आर्ट का दरवाजा, इसकी फिनिशिंग... यह झूमर इतने का... यह कोरियाई कालीन... इत्यादि-इत्यादि। नया घर, नई उन्नत तकनीक की महंगी वस्तुएं, स्वयं अपनी शान बघार रही थीं। वह सोचते, घर बनवाने और शादी के आयोजन में जितना पैसा खर्च करो, कम ही लगता है।

एक साल बाद ही बराड़ साहब का नशा उतरने लगा। जिस उत्साह से वह अपने घर का कोना-कोना लोगों को दिखाते थकते नहीं थे, जिस पर नाज कर रहे थे, अब मिलने आने वालों से कहने लगे, 'ऊपर-नीचे उतरने से मैं परेशान हो गया हूं।' वह दूसरों को सलाह देते, 'ऊपर-नीचे वाला घर कभी न लेना। मेरी हालत देखो, कैसी बुरी हो गई है?'

मिट्टी से फैलती गंदगी, बराड़ साहब को नापसंद थी, इसलिए चमकदार फर्श धूप से गर्म हो जाती। कॉलोनी के हर घर में गमले, पौधों से सुसज्जित थे, जमीन पर सीमेंट का कालीन था। बरसात में होने वाले कीचड़ के लिए कोई गुंजाइश नहीं रहती।

'गर्मी ने इस बार जल्दी दस्तक दे दी यहां।' पत्नी से बराड़ साहब बोले।

'सरकारी घर में झाड़-पेड़ थे, मिट्टी का आंगन था, जो गर्मी सोख उसका अहसास कम कराता था। कितना अच्छा लगता था जब चिड़ियां घर के आंगन में चहकती थीं। तुमको यह सब अच्छा नहीं लगता, क्योंकि तुम्हरी नजर में इससे गंदगी फैलती थी।' पत्नी बोली।

गर्मी बढ़ने लगी, रात-दिन एसी में रहना पड़ता। अब बराड़ साहब को लगता नाहक बगीचे की जगह सीमेंट की फर्श फैलाकर इतना पैसा खर्च किया। अब उसको हटवाना यानी अपनी बेवकूफी का प्रदर्शन है। आस-पड़ोस वाले क्या सोचेंगे? गर्मी की समस्या से निजात न मिली, ऊपर से पानी ने भी बेहाल करना शुरू कर दिया। बेहद तपती धरा ने अपना जलस्तर बहुत नीचे कर कॉलोनी के सभी बोरवेल को सुखा दिया।

कॉलोनी का व्हाट्सएप ग्रुप घरों में पानी का त्राहिमाम दिखा रहा था। इसी समय लोगों को वाटर रिचार्ज की याद आ रही थी। ये वही लोग थे, जो जरा से कीचड़ से अपनी नाक बंद करने लगते थे, इनका मन घिना जाता था। इन्हीं के कारण पूरी कॉलोनी में सीमेंट की सड़क बिछा दी गई थी।

तभी जोर-जोर से आवाजें सुन बराड़ जी घर से बाहर आए। देखते क्या हैं, पड़ोसी आपस में झगड़ रहे हैं। रात में उनके घर के ओवर हेड टैंक से पानी चोरी हो गया था। हालात बद से बदतर होते जा रहे थे। टैंकर से कॉलोनी की बड़ी टंकी भर दी गई थी, लेकिन दिन में बस एक बार ही, कम समय के लिए पानी सप्लाई किया जा रहा था। पानी की किल्लत इस अप्रैल महीने में! तब मई-जून में क्या होगा? कॉलोनी वासियों की चिंता का विषय बन गया था।

एक दिन भीषण गर्मी में बिजली पूरा दिन गायब रही। इंवर्टर भी आखिरी सांस लेने लगे, लोगों का बहुत बुरा हाल। पानी-बिजली दोनों नदारद। बताओ पैसा जेब में, लेकिन इसका उपयोग कहां करें? कहीं कोई सुविधा नहीं।

नल दिखावे का साधन मात्र रह गए। खरीदे हुए पानी के कैन मुंह चिढ़ा रहे थे। बराड़ साहब को सरकारी बंगले में चौबीसों घंटे बहते पानी की याद आती। वह तो जलसंसाधन विभाग से ही रिटायर हुए हैं।

जिस जल की उन्होंने कभी कद्र नहीं की, आज वह उनको मुंह चिढ़ा रहा है। पानी के लिए नल-जल कनेक्शन की हजारों एप्लिकेशन फाइल में दबी छुपी रोती रहतीं लेकिन उनके कानों पर जूं तक नहीं रेंगती थी। आज अपनी करनी पर पछतावा करने से क्या होगा, जब परिस्थितियों ने बुरी हालातों का शिकार बना रखा है। यह बात उन्हें भीतर ही भीतर खाए जा रही थी। अपने बड़े ओहदे का घमंड, रिटायर होने के बाद उन्हें जमीन पर ले आया था। उनकी हालत देखकर पत्नी ने सुझाया, 'हम लोग बारिश में खाली पड़ी जमीन पर पेड़ लगाकर, उनकी देखभाल करेंगे, साथ ही बगीचे की सीमेंटी फर्श हटवा बड़े, झाड़ लगाएंगे, जहां चिड़ियां चहकते हुए फुदकेंगी।'

अब बराड़ साहब को समझ में आ रहा था, वह महल किस काम का, जहां पानी के लिए इंसान तरस जाए। इतिहास में बड़े-बड़े बादशाहों तक को पानी की कमी के कारण राजधानी स्थानांतरित करनी पड़ी थी। बराड़ साहब ने निर्णय लिया, बगीचे को असल स्वरूप प्रदान कर वर्षा जल का संग्रहण करेंगे और आस-पड़ोस वालों से भी अपने विचार साझा कर उनसे सहयोग की अपील करेंगे।

धरा जो सूखी पड़ रही/न रहा कोख में पानी/
मानव तेरी शर्म का उतर गया है पानी।

बराड़ साहब बड़ी गंभीरता से सोचते हैं, धरा को इस पीड़ा से छुटकारा दिलाने के लिए मजबूत स्तंभ बन वह काम करेंगे। यही वक्त का तकाजा है। *

पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण

## गजलों का गुलदस्ता


प्रख्यात कवि, आलोचक और भाषाविद ओम निश्चल बेहतरीन गजलगो भी हैं, इस बात की तस्दीक करती हैं, हाल में आई पुस्तक 'कोई मेरे भीतर जैसे धुन में गाए' में संकलित गजलें। यहां अलग-अलग मिजाज और तासीर की कुल मिलाकर 104 गजलें पढ़ी जा सकती हैं। कहीं वे दार्शनिक अंदाज में जिंदगी का फलसफा समझाते हुए कहते हैं, *'कुछ खोकर कुछ पाकर जाना, जीवन क्या है/ दुख से हाथ मिलाकर जाना, जीवन क्या है।'* तो कहीं अतीत की मोहब्बत को याद कर अपने जज्बातों को लफ्जों का लिबास पहनाकर कहते हैं, *'वो पलकों पर ख्वाब सजा के रखती थी/ हम ख्वाबों के पंख उड़ाया करते थे।'* सिर्फ कोमल संवेदनाओं को ही नहीं, अपनी गजलों में राजनीति और व्यवस्था तंत्र में मौजूद विद्रूप को भी वे बिना किसी लाग-लपेट के कठघरे में खड़ा करने से नहीं कतराते हैं। एक बानगी देखिए, *'किया है कत्ल जिसने, घर उसी के/पुलिस भी चाय-पानी कर रही है।'* गजल को वह केवल कुछ कहने का जरिया भर नहीं मानते हैं। तभी तो कहते हैं, *'मेरी गजल तो है इबादत का तरीका बस।'* कह सकते हैं कि गजल के कद्रदानों के लिए यह किताब, गजलों के गुलदस्ते जैसी है। *




**पुस्तकः** कोई मेरे भीतर जैसे धुन में गाए, **रचनाकारः** ओम निश्चल, **मूल्यः** 250 रुपए, **प्रकाशकः** सर्वभाषा प्रकाशन, नई दिल्ली

पर्यटन स्थल / रजनी अरोड़ा

# खूबसूरत वादियों का शहर ऊटी



वैसे तो अपने देश में पर्यटकों के मन में जब हिल स्टेशंस में समर वैकेशन एंज्वॉय करने की बात आती है तो सबसे पहले जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड का खयाल आता है। लेकिन अगर आप इनसे अलग मिजाज के हिल स्टेशन का आनंद लेना चाहते हैं तो इस बार ऊटी का रुख कर सकते हैं। वहां की विशेषताएं और दर्शनीय स्थलों के बारे में जानिए।

गर्मी के मौसम में किसी हिल स्टेशन पर कुछ दिन बिताना, रोमांचकारी और सुकून भरा अनुभव होता है। वहां के खुशनुमा वातावरण में न सिर्फ गर्मी से राहत मिलती है, बल्कि घूमने-फिरने, मौज-मस्ती करने और नई-नई जगहें देखने का मौका भी मिलता है। अगर आप भी आने वाली गर्मी की छुट्टियों में घूमने की योजना बना रहे हैं तो दक्षिण भारत का ऊटी हिल स्टेशन, एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है।

## मन मोह लेती है खूबसूरती

तमिलनाडु राज्य की नीलगिरी पहाड़ियों (ब्लू माउंटेंस) पर स्थित है, ऊटी। इसका पुराना और दूसरा नाम 'उदगमंडलम' है और देश-विदेश के पर्यटकों में यह हिल स्टेशनों की रानी नाम से मशहूर है। ऊटी में पहले टोंगा आदिवासियों का गढ़ था। जब अंग्रेज हिंदुस्तान आए तो उन्होंने ऊटी को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया। यहां ब्रिटिश शासनकाल में बनाई गई कई खूबसूरत इमारतें, गेस्टहाउस के रूप में आपका स्वागत करते आज भी मौजूद हैं। प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर ऊटी में मौजूद पार्क और झीलें, पर्यटकों का मन मोह लेती हैं।

## बोटेनिकल गार्डन



1848 में बनाया गया बोटेनिकल गार्डन 22 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फैला हुआ है। गार्डन की छोटी-बड़ी क्यारियों में पेड़-पौधों की 650 से अधिक किस्में मौजूद हैं। यहां करीब 20 लाख साल पुराने पेड़ का जीवाश्म भी संजोकर रखा गया है। गार्डन में बनी छतरीनुमा बैठने की जगह मानो पर्यटकों को कुछ पल रुकने के लिए मजबूर कर देती है।

## अनोखी भौगोलिक संरचना

ऊटी की भौगोलिक संरचना ऐसी है कि गर्मी हो या सर्दी, ऊटी का तापमान 5 से 25 डिग्री सेल्सियस के बीच रहता है। खूबसूरत वादियों में जहां सुबह का मौसम सुहावना और काफी ठंडा होता है। वहीं दोपहर होते-होते सूरज की किरणें ताप को बढ़ा देती हैं और सूर्यास्त के साथ ऊंचे-ऊंचे पहाड़ों और पेड़ों से बहते ठंडी हवा के झोंके रोमांच से भर देते हैं। ऊटी शहर, समुद्रतल से करीब 7,350 फीट की ऊंचाई पर बसा है। अपने प्राकृतिक सौंदर्य की बदौलत देश-विदेश के पर्यटकों को आकर्षित करता है। घाटी में चारों ओर फैली हरियाली, प्रकृति के खूबसूरत नजारे, ऊंचे-ऊंचे पहाड़, आसमान को छूते देवदार और चीड़ के पेड़, हरे-भरे ढलान और सीढ़ीनुमा खेत पर्यटकों का मन मोह लेते हैं। चाय-कॉफी के बागानों से आने वाली ताजी महक हवा में फैली रहती है। छोटी-छोटी, ऊंची-नीची पहाड़ियों को काटकर बनाए गए घर और वहां तक जाने की सीढ़ीदार, तंग और संकरी गलियां देखने में बहुत आकर्षक लगती हैं। यहां देखने के लिए कुछ स्थल विशेष रूप से प्रसिद्ध हैं।



## ऊटी लेक

शहर से 3 किलोमीटर दूर स्थित ऊटी लेक, दर्शनीय स्थल है। इस लेक का निर्माण 1825 में कोयंबटूर के तत्कालीन कलेक्टर जॉन सुलीवन ने करवाया था। बाद में इसी लेक के नाम पर शहर का नाम रखा गया। यहां पर्यटक बोटिंग, घुड़सवारी ही नहीं, अनुमति लेकर मछली पकड़ने का लुत्फ भी उठा सकते हैं। लेक परिसर के बाहर पर्यटकों को राइडिंग का मजा दिलाने के लिए किराए पर घोड़े उपलब्ध रहते हैं।

## चिल्ड्रेन पार्क

ऊटी लेक के पास बना यह पार्क बच्चे ही नहीं बड़ों के भी आकर्षण का केंद्र है। खासकर बच्चे यहां लगे झूले और ट्वॉय ट्रेन में घूमने का आनंद जरूर उठाते हैं।

## सरकारी संग्रहालय

ऊटी की मैसूर रोड पर 1989 में बनाया गया सरकारी संग्रहालय भी देखने लायक है। संग्रहालय में दुनिया भर में मशहूर तमिलनाडु की मूर्तिकला, चित्रकला, सेंडल वुड से बनी अनेक वस्तुओं, मैसूर सिल्क और साउथ कॉटन के वस्त्रों को दर्शाया गया है। यहां आदिवासियों के द्वारा उपयोग में लाई जाने वाली वस्तुओं और कपड़ों को भी प्रदर्शित किया गया है। संग्रहालय में ऊटी का पारिस्थितिकीय विवरण यानी इकोलॉजिकल डिटेल भी दी जाती है, जो पर्यटकों को ऊटी की आबोहवा के बारे में जानकारी देती है।



## चेरिंग क्रॉस

चेरिंग क्रॉस, ऊटी का दिल कहलाता है। यह एक चौराहा है, जिसके चारों ओर शॉप्स हैं। चौराहे के बीचों-बीच चौतरफा मुंह करके खड़े एंजिल स्टेच्यू, बरबस ही ध्यान खींच लेता है। यह एक फाउंटेन है, जिसके आस-पास लगी रंग-बिरंगी लाइटें रात के समय इसकी खूबसूरती और बढ़ा देती है। चेरिंग क्रॉस में कई दुकानों पर ऊटी में बनी स्पेशल चायपत्ती, होममेड चॉकलेट और मसालों की पचासों वैराइटीज मिल जाती हैं।

## रोज गार्डन

ऊटी का दिल कहे जाने वाले चेरिंग क्रॉस के पास 10 एकड़ क्षेत्रफल में फैला रोज गार्डन, पर्यटकों को खूब लुभाता है। गार्डन में 1000 से अधिक किस्म के गुलाब के पौधे हैं। साथ ही इसमें लगे कई तरह के आर्टिफिशियल पौधे, इस रोज पार्क की सुंदरता को और भी बढ़ा देते हैं। *

---

रोचक / चंद्रप्रकाश

हजारों-लाखों साल पहले धरती पर रहने वाले अनेक जंतु अब विलुप्त हो चुके हैं। लेकिन जरा सोचिए, कैसा रोमांचक अनुभव होगा, जब कोई विलुप्त जंतु फिर से हमारे सामने आ जाएगा!

# फिर से हुआ जिंदा विलुप्त भेड़िया



डायनासोर का नाम सुनते ही एक भयानक और विशाल जंतु का चित्र मन में उभरता है। इसके बारे में आपने पढ़ा, सुना या टीवी/इंटरनेट पर जरूर देखा होगा। लेकिन अब इस धरती पर डायनासोर मौजूद नहीं हैं। डायनासोर ही नहीं, आज से हजारों-लाखों साल पहले इस धरती पर रहने वाले सैंकड़ों जानवर अब विलुप्त हो चुके हैं।

**अनेक प्रजातियां हो चुकी हैं विलुप्त:** डायनासोर के अलावा धरती से विलुप्त हो चुके जानवरों में हाथी की तरह दिखने वाला मैमथ, पीठ पर बाघ जैसी धारियों वाला तस्मानियाई थायलेसिन, उत्तरी अफ्रीका का सफेद गैंडा, किसी बड़ी मुर्गी जैसा दिखने वाला डोडो पक्षी और अमेरिकी डायर भेड़िया भी शामिल हैं। वर्ल्ड एनिमल फाउंडेशन नामक एक संस्था का मानना है कि यदि विलुप्ति की कगार पर पहुंच चुकी जंतु प्रजातियों के संरक्षण पर ध्यान न दिया गया तो 2050 तक दुनिया की लगभग आधी जैव-प्रजातियां विलुप्त हो जाएंगी। लेकिन इस चिंताजनक आशंका के बीच संतोषजनक खबर यह है कि जेनेटिक इंजीनियरिंग से जुड़ी एक अमेरिकी कंपनी कुछ विलुप्त हो चुके जंतुओं को पुनर्जीवित करने में जुटी है।

**अमेरिकी कंपनी है प्रयासरत:** अमेरिका के टेक्सास में स्थित डलास शहर में 2021 में स्थापित कोलोसल बायोसाइंसेज नामक एक कंपनी ने चौंकाने वाला दावा किया है। कंपनी का दावा है कि वह 2028 तक कई विलुप्त जानवरों को दोबारा से हमारे बीच जीता-जागता ले आएगी। यह कंपनी जेनेटिक इंजीनियरिंग के क्षेत्र में काम करती है। यह विभिन्न जीवों के संरक्षण और जैव विविधता की हानि से निपटने के साथ विलुप्तप्राय जानवरों को बचाने का प्रयास कर रही है। साथ ही विलुप्त जानवरों की प्रजाति को दोबारा से वापस लाने का प्रयास भी कर रही है।

**पुनर्जीवित हुआ विलुप्त भेड़िया:** विलुप्त जीवों के संरक्षण के प्रयास की प्रक्रिया में कोलोसल बायोसाइंसेज ने हाल ही में ऐसे वुल्फ (भेड़िया) के तीन छौनों (भेड़िया के बच्चे) को लैब में तैयार किया है, जिनमें आनुवांशिक रूप से डायर वुल्फ के गुण मौजूद हैं। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि डायर वुल्फ की प्रजाति आज से लगभग 12 हजार साल पहले विलुप्त हो चुकी थी। जेनेटिकली तैयार किए गए इन छौनों में से दो नर और एक मादा भेड़िया हैं। नर छौनों के नाम 'रोमुलस' और 'रीमस' रखे गए हैं, जबकि मादा छौने का नाम 'खलीसी' रखा गया है।

**लेखक की कल्पना हुई साकार:** डायर वुल्फ से जुड़ी एक रोचक बात यह हे कि वर्ष 2011 में बनी एक टीवी सीरीज 'गेम ऑफ थ्रोंस' में इनको जीवंत रूप में चित्रित किया गया था। यह टीवी सीरीज अमेरिकी उपन्यासकार जॉर्ज आर. आर. मार्टिन के कई खंडों में लिखे उपन्यास 'ए सॉन्ग ऑफ आइस एंड फायर' के आधार पर बनाई गई है। यहां इंटरेस्टिंग बात यह भी है कि कोलोसल बायोसाइंसेज द्वारा तैयार किए गए विलुप्त डायर वुल्फ के बच्चों से मिलने के लिए मार्टिन स्वयं वहां पहुंचे। जरा सोचिए, हजारों साल पहले विलुप्त हो चुके जिस डायर वुल्फ के बारे में इमेजिन करके आर. आर. मार्टिन ने अपनी किताब में वर्णन किया, उसे सामने जीवित देखकर उन्हें कितना रोमांचक अनुभव हुआ होगा! अपनी कलम से रचे इन जंतुओं को अपने सामने सचमुच देखना एक भावुक कर देने वाले क्षण था। *



डायर वुल्फ के बच्चे के साथ लेखक जॉर्ज मार्टिन

---

उपयोगी पेड़ / वीना गौतम

पिछले कुछ वर्षों से स्वादिष्ट फल चीकू की डिमांड बढ़ रही है। ऐसे में इसकी खेती किसानों के लिए फायदेमंद हो सकती है।

# किसानों के लिए फायदेमंद स्वादिष्ट फल चीकू की खेती



चीकू, सैपोटेसी परिवार का पेड़ है। इसे कहीं-कहीं सपोटा या सपोडिला भी कहते हैं। इसका वानस्पतिक नाम मनिल्करा जपोटा है। मूलतः सेंट्रल अमेरिका, खासकर मैक्सिको का यह फल 16वीं, 17वीं शताब्दी में स्पेनिश या पुर्तगालियों के जरिए भारत आया था। शुरुआत में यह महज एक सजावटी पौधे के रूप में ही उगाया जाता था। लेकिन धीरे-धीरे महाराष्ट्र और गुजरात में इसकी लोकप्रियता तेजी से बढ़ी और आज यह इन दोनों राज्यों के प्रमुख व्यावसायिक फलों में से एक है। महाराष्ट्र और गुजरात के अलावा, कर्नाटक के बेलगाम और धारवाड़ क्षेत्र में, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के तटीय क्षेत्रों में, तमिलनाडु में चेन्नई के आस-पास के कावेरी डेल्टा वाले क्षेत्रों में और ओडिशा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के कुछ जिलों में भी इसकी खेती होती है। हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और बिहार के कुछ क्षेत्रों में भी चीकू की खेती के लिए आदर्श दशाएं हैं। जहां तक चीकू के किस्मों की बात है तो भारत में इसकी सबसे मशहूर किस्में कालीपट्टी (गुजरात), क्रिकेट बॉल, पाला, डीएचएस-1, पीकेएम-1 हैं। कालीपट्टी सबसे मीठा और लोगों द्वारा पसंद की जाने वाली चीकू की किस्म है।



**व्यावसायिक महत्व:** एक बार चीकू का पेड़ लग जाने पर यह बड़े आराम से 40 से 60 सालों तक फल देता रहता है। यह लगाने के तीसरे-चौथे साल से फल देना शुरू कर देता है और छठें-सातवें साल तक पहुंचते-पहुंचते अपनी पूरी क्षमता से फल देने लगता है। एक परिपक्व चीकू का पेड़ प्रतिवर्ष 150 से 300 किलोग्राम तक फल देता है। बाजार में इस समय जिस तरह से चीकू की कीमत औसतन 40 से 50 रुपए प्रति किलो है, उसके चलते बड़े आराम से एक हेक्टेयर में लगे चीकू के पेड़ों से हर साल किसान लाखों रुपए की आमदनी कर सकते हैं। हालांकि इस स्तर का आर्थिक लाभ पाने के लिए इसकी अच्छी देखभाल और प्रबंधन जरूरी है।

**उपयुक्त दशाएं:** चीकू की खेती के लिए क्षेत्र का तापमान 20 डिग्री सेंटीग्रेड से अधिकतम 40 डिग्री सेंटीग्रेड तक रहना चाहिए। चीकू हल्की सर्दी तो सह लेता है, लेकिन जरा सी सर्दी अधिक हुई तो इसे पाला मार जाता है। चीकू की खेती के लिए उपयुक्त मिट्टी दोमट और बलुई-दोमट मिट्टी है। साथ ही ड्रेनेज सिस्टम का होना जरूरी है। इसे लगाई जाने वाली मिट्टी का पीएच मान 6.5 से 8 के बीच सबसे आदर्श होता है।

**ऐसे करें चीकू की खेती:** चीकू के पेड़ को जून से जुलाई यानी मानसून की शुरुआत में ही रोपना सही होता है। इसकी नर्सरी रोपने के लिए 1-1 मीटर का गड्ढा करना चाहिए। गड्ढे में 10 किलो गोबर की खाद, 50 ग्राम नीम की फली और थोड़ी ट्राइकोडर्मा आदि चीकू के पेड़ की जड़ों को सड़ने से बचाने के लिए डालना चाहिए। दो पौधों के बीच की दूरी कम से कम कतार में 8 फीट होनी चाहिए। लगभग एक एकड़ में 60 से 70 पौधे ही आराम से लगते हैं। शुरुआत के समय यानी पहले एक से दो साल में, जब तक पेड़ परिपक्व नहीं होते, 10 से 12 दिन के भीतर पौधे को पानी देना जरूरी है। एक साल के बाद इस अंतराल को बढ़ाया जा सकता है। जब पेड़ में फूल और फल लगने का समय हो, तब इसे नियमित पानी देना जरूरी है। ड्रिप इरिगेशन इसके लिए अत्यंत फायदेमंद है। *

---

हाल ही में इरफान खान के बेटे बाबिल खान की सस्पेंस थ्रिलर फिल्म 'लॉगआउट' रिलीज हुई है। फिल्म में बाबिल एक सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर बने हैं। इस फिल्म के साथ-साथ अपने प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ के बारे में भी बाबिल ने खुलकर बात की। पेश है इस लंबी बातचीत के प्रमुख अंश।

खास मुलाकात / पूजा सामंत

# फर्क नहीं पड़ता आप किसके बेटे हैं सिर्फ परफॉर्मेंस से बात बनती है : बाबिल खान



अपनी तरह के अनोखे एक्टर इरफान खान के बेटे बाबिल खान ने अपने पिता और मां (सुतापा सिकदर) के नक्शे कदम पर चलते हुए अभिनय की दुनिया में प्रवेश किया है। 'कला' और 'फ्रायडे नाइट प्लान' फिल्मों और 'द रेलवेमैन' वेब शो में नजर आ चुके बाबिल, बीते 18 अप्रैल को जी-5 पर रिलीज साइबर सस्पेंस थ्रिलर फिल्म 'लॉगआउट' में भी नजर आ रहे हैं। हाल में बाबिल ने एक मुलाकात में इस फिल्म के साथ-साथ अपने एक्टिंग करियर और पर्सनल लाइफ के बारे में बहुत सी बातें शेयर कीं।

**सबसे पहले तो यह बताइए कि किस तरह की फिल्म है 'लॉगआउट'?**

'लॉगआउट' साइबर क्राइम पर बेस्ड फिल्म है, जो इस समय विकराल रूप ले चुकी है। आज से 15 वर्ष पहले तक शायद ही किसी ने साइबर क्राइम का नाम सुना होगा। लेकिन कंप्यूटर साइंस जितनी तेजी से आगे बढ़ा है, उतनी ही तेजी से कंप्यूटर रिलेटेड फ्रॉड बढ़ते गए। जितना ज्यादा हम लोग मोबाइल, कंप्यूटर और इंटरनेट का यूज करेंगे, उतनी अधिक सावधानियां बरतनी होंगी। साइबर वर्ल्ड/वर्चुअल वर्ल्ड और साइबर क्राइम के अनेक पहलुओं को ही सस्पेंस थ्रिलर फिल्म 'लॉगआउट' दिखाती है।

**आपने इस फिल्म को क्यों एक्सेप्ट किया?**

वायकॉम 18 और निर्देशक अमित गोलानी ने तीन-चार साल पहले मुझे दो पन्नों की स्क्रिप्ट भेजी थी। मैंने इस फिल्म के निर्देशक से पूरी स्क्रिप्ट मांगी, तब उन्होंने मुझे मिलने बुलाया। मैंने उनसे कहा, 'अगर स्क्रिप्ट पसंद आती है, तो मैं इस फिल्म को जरूर करना चाहूंगा।' मैंने गौर किया 'लॉगआउट' की कहानी तो आज के दौर में बहुत ज्यादा रेलीवेंट है। जब मोबाइल, कंप्यूटर और इंटरनेट के नशे में जरूरत से ज्यादा हम बह जाते है तो हमें इसके दुष्परिणामों का भी सामना करना पड़ता है, यही कहानी का सार है। मुझे लगता है कि इसे हर वर्ग के दर्शकों तक पहुंचाना आवश्यक है।



फिल्म 'लॉगआउट' के एक दृश्य में रसिका दुग्गल के साथ बाबिल खान

**इस फिल्म में आपने जो किरदार निभाया है, उसके बारे में कुछ बताएं।**

फिल्म में मेरे किरदार का नाम है प्रत्युष, जो सोशल मीडिया का स्टार है। वो इंफ्लुएंसर है, यही उसका पेशा है। दिन-रात सोशल मीडिया पर काम करते हुए कैसे उसकी व्यक्तिगत जिंदगी प्रभावित होती है, कैसे उसे सोशल मीडिया पर एक्टिव रहना और लॉगआउट न करना महंगा पड़ता है, यही इस फिल्म में बहुत मनोरंजक ढंग से दर्शाया गया है। मुझे पूरा यकीन है कि फिल्म 'लॉगआउट' में आने वाले ट्विस्ट एंड टर्न्स दर्शकों को हैरत में डाल देंगे।

**पर्सनल लाइफ में आप खुद कितने मोबाइल एडिक्ट हैं?**

मैं मोबाइल एडिक्ट नहीं हूं। हां, जब टीन एजर था, तो एक बार मैंने पापा से नया मोबाइल लेने के लिए खूब जिद किया था। उन दिनों एक खास ब्रांड के फोन का क्रेज था। लेकिन मैंने जो फोन मांगा वो पापा ने नहीं दिलाया। उन्होंने मुझे ऐसा मोबाइल लाकर दिया, जिसमें प्ले स्टेशन नहीं था, मैं बड़ा मायूस हुआ। पापा और मम्मी यह जान चुके थे कि उस ब्रांड का फोन देने पर मैं प्ले स्टेशन खेलने का एडिक्ट हो जाऊंगा और ऐसा वे नहीं चाहते थे। लेकिन उन्होंने जो किया, उससे मैं मोबाइल-एडिक्ट होने से बचा। इसलिए अगर आज मैं मोबाइल या फिर सोशल मीडिया का एडिक्ट नहीं हूं, इस बात का श्रेय मेरे पैरेंट्स को ही जाता है।

**कई स्टार किड्स की तरह आपको भी अपने पिता की वजह से एक्टिंग में चांस मिला, इसे नेपोटिज्म कहा जाता है। इस बारे में आप क्या कहेंगे?**

मुझे एक्टिंग का चांस अपने बाबा और मां दोनों की बदौलत मिला है। बाबा तो उम्दा एक्टर थे ही, मां भी एक्टर और राइटर हैं। मुझे इन दोनों से अभिनय विरासत में मिली है। जहां तक नेपोटिज्म की बात है तो यह दौर अब बदल चुका है। इससे फर्क नहीं पड़ता कि आप किसके बेटे हैं, केवल परफॉर्मेंस से ही बात बनती है।

**अपनी आने वाली फिल्मों के बारे में बताइए।**

एक इंडो अमेरिकन प्रोजेक्ट कर रहा हूं, जिसका नाम है-यक्षि। इसके अलावा निर्देशक शुजीत सरकार की अगली फिल्म की शूटिंग के लिए मैं दार्जिलिंग जा रहा हूं। कुछ काम ओटीटी के लिए भी करने जा रहा हूं, जो अभी फाइनल होने वाला है। *

## मेरे सबसे करीबी दोस्त थे बाबा



**एक बेटे** के तौर पर बाबिल की अपने पापा से किस तरह की बॉन्डिंग थी? इसके जवाब में वे भावुक होते हुए कहते हैं, 'मैं अपने पिता जी को बाबा कहता था। जीवन में एक इंसान को कैसा होना चाहिए और कैसा नहीं होना चाहिए, यह सीख मुझे उनसे ही मिली। मेरे बाबा मेरे सबसे करीबी दोस्त थे। ऐसी कोई बात नहीं थी, जो मैंने उनसे छुपाई हो। बहुत गहरा रिश्ता था हमारा। उन्होंने कभी भी अपनी राय मुझ पर थोपी नहीं। मुझे अपना करियर चुनने की पूरी आजादी दी। मुझे याद है, हम एक मर्तबा रेस्टोरेंट में खाना खाने गए। मुझे खाने की टेबल पर डांस करने का मूड बना, हालांकि तब तक खाना सर्व नहीं किया गया था। मैंने आव देखा न ताव, टेबल पर खड़े होकर डांस करने लगा। मां ने मुझे ऐसा करने से मना किया, लेकिन बाबा ने कहा, 'अगर यह टेबल पर डांस करना चाहता है तो इसे करने दो। लोग क्या बोलेंगे इस पर ध्यान मत देना।' मुझे वो घटना अकसर याद आती है और आंखें भर आती हैं।